श्रावण शुक्ल पक्ष षष्ठी, संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 27 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

30 जुलाई 2025 बुधवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

24 अधिकतम

23 न्यूनतम



Page-7

# रूस में 8.8 तीव्रता का भूकंप, जापान में 16 जगह सुनामी, परमाणु ठिकानों तक तबाही, रेडिएशन का खतरा बढ़ा, अमेरिका में हड़कंप

**मास्को, नई दिल्ली, एजेंसी**

आज रूस में भूकंप के जबरदस्त झटके आने के बाद रूस से जापान तक सुनामी आ गई है। सबसे पहले रूस के कैमचटका में भूकंप की तीव्रता 8.8 दर्ज की गई। वहीं सखाली, अलास्का और हवाई द्वीप में 8.7 की तीव्रता रही। भूकंप के बाद ज्वालामुखी फटने की भी सूचना है। इसके चलते तत्काल सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई थी और हुआ भी वैसा ही, कुछ ही घंटों बाद रूस और जापान में सुनामी की तेज लहरें देखी गईं। यह चार मीटर से ज्यादा ऊंची थी और इमारतों को भी नुकसान पहुंचा। अमेरिकी सहित आसपास के कई छोटे-बड़े द्वीपों पर हाई अलर्ट है और करीब 9 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा रहा है।

बताया जाता है कि अलास्का के जिस हिस्से में भूकंप आया है, वहां रूस और अमेरिका के परमाणु हथियार रखे जाते हैं। यदि परमाणु हथियारों को क्षति पहुंची तो रेडिएशन का खतरा भी होगा। जापान में फुकुशिमा परमाणु संयंत्र खाली करवा लिया गया है। भूकंप के बाद अमेरिका में अभी अलर्ट किया गया है।





राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक्स पोस्ट के जरिए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा है। साथ ही सेना को भी अलर्ट पर रखा गया है। कैलिफोर्निया और लॉस एंजिल्स में भी लोगों को समुद्र तटों से दूर जाने को कहा गया है।

### बाबा वेंगा ने कहा था....

*इस भूकंप से बुल्गारिया की भविष्यवक्ता बाबा वेंगा की वो खौफनाक भविष्यवाणी ताजा हो उठी है। जिसमें उन्होंने कहा था कि 2025-2026 के बीच धरती हिलेगी और लोगों को बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा का सामना करना पड़ेगा और भीषण भूकंप से विनाश यानी महाप्रलय की शुरुआत हो सकती है। बाबा वेंगा ने भयानक भूकंप और यूरोप में एक बड़े सैन्य संघर्ष की भविष्यवाणी भी की थी।*

उधर कामचटका के गवर्नर व्लादिमीर सोलोदोव ने वीडियो पोस्ट कर कहा है कि आज का भूकंप दशकों में सबसे शक्तिशाली था। उन्होंने कहा कि एक किंडरगार्टन को नुकसान पहुंचा है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक भूकंप का केंद्र जमीन से 19.3 किलोमीटर की गहराई में था। एजेंसी के मुताबिक भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 4.54 बजे आया। जापान के टेलीविजन के मुताबिक जापान ने अपने फुकुशिमा परमाणु रिएक्टर को खाली को करा लिया है।

**विदिशा में खतरा, भोपाल में साढे 7 इंच, सभी स्कूल बंद**

## गुना में बांध फूटने का खतरा बढ़ा श्योपुर में अस्पताल में घुसा पानी



**नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी**

देशभर में भारी बारिश का दौर अभी थमता नहीं नजर आ रहा है। लो प्रेशर एरिया जमकर रंग दिखा रहा है। मप्र के अशोकनगर, श्योपुर, विदिशा समेत कई जिलों में बाढ़ के हालात हैं कई रास्ते भी बंद हो गए। आज भी तेज बारिश है। वहीं भोपाल समेत नर्मदापुरम, सीहोर, अशोकनगर में स्कूलों की छुट्‌टी घोषित की गई है। भोपाल में बीते तीस घंटे में करीब साढे सात इंच बारिश हुई है। उधर आज राजस्थान में कई जिलों में बारिश का रेड व यलो अलर्ट है। भारी बारिश की चेतावनी के चलते 14 जिलों के स्कलों में छुट्‌टी है।

श्योपुर में सीप नदी उफान पर है इससे मानपुर के सरकारी अस्पताल में पानी भर जाने के कारण 12 मरीज फंस गए। एसडीईआरएफ ने इन्हें सुरक्षित निकाला। गुना में 24 घंटे में 13 इंच बारिश से कलोरा बांध की वेस्ट बीयर 15 फीट तक टूट गई है। अब पूरा डैम टूटने की आशंका है। एहतियात के तौर पर एनडीआरएफ व सेना को बुलाया गया है। विदिशा में बेतवा का जलस्तर बढ़ रहा है। भोपाल रोड रंगई स्थित बाढ़ वाले गणेश मंदिर तक पानी पहुंच गया है। उधर शिवपुरी में कोलारस के पास बस में सवार होकर स्कूल से घर लौट रहे 30 बच्चे बाढ़ में फंस गए हैं जिन्हें सरपंच के घर रुकवाया गया है।

### राजस्थान में हालात खराब

बीती देर रात से सवाई माधोपुर में बाढ़ के बन गए हैं। जबकि श्योपुर (मप्र) को जोड़ने वाली एक पुलिया बह गई। शहर के कई इलाके पानी में डूब गए। रेस्क्यू टीमें लोगों को बचाने में जुटी हैं। वहीं हिमाचल के मंडी में बादल फटने से परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई।

**मध्यप्रदेश विधानसभा में अनुपूरक बजट पर चर्चा**

## आदिवासियों की बेदखली का आरोप पेसा कानून के अमल पर कांग्रेस मुखर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**मप्र विधानसभा के मानसून सत्र का आज तीसरा दिन भी हंगामे वाला नजर आ रहा है। आज सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस के विधायकों ने पेसा कानून को सही तरीके से लागू न किए जाने के विरोध में परिसर में प्रदर्शन किया। सरकार पर आदिवासियों को वन क्षेत्र से बेदखल किए जाने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा- सरकार आदिवासियों को परेशान कर रही है। वन विभाग उन्हें वन क्षेत्र से बेदखल करने में जुटा है। वहीं वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने कहा है कि यह हालात पूरे प्रदेश में है। ये केवल आश्वासन और घोषणाओं की सरकार है। वहीं कांग्रेस के इस प्रदर्शन पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा- मुझे लगता है कि जिन्होंने जीवन में कुछ नहीं किया उन्हें मूल्यांकन का भी अधिकार नहीं है। पेसा के मामले में जिस ढंग से काम हुआ है वह बेहतरीन है।**




### बारिश से उखड़ी सड़कों के लिए 100 करोड़

इधर आज ध्यानाकर्षण के बाद अनुपूरक बजट पर दो घंटे की चर्चा नियत है। मंगलवार को वित्त मंत्री और डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश किया था। जिसमें प्रदेश की बारिश के कारण उखड़ी सड़कों के सुधार और नई सड़कों के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान किया है। जबकि मानसून सत्र के पहले दिन 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण का मुद्दा गूंजा था।

## ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में जयशंकर बोले-जलसंधि स्थगित करना अहम

**नई दिल्ली।** लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के बाद आज राज्यसभा में इस पर चर्चा की शुरुआत हुई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चर्चा की शुरुआत करते हुए सिंधु जल समझौता स्थगित करने के फैसले को पहलगाम हमले के बाद उठाया गया सबसे महत्वपूर्ण कदम बताया और कहा कि पाकिस्तान के साथ न जब दोस्ती थी, ना ही गुडविल तो ऐसे सिंधु जल समझौते की जरूरत क्या थी। उन्होंने कहा ये शांति की कीमत, इनको पंजाब, राजस्थान, हरियाणा के किसानों की चिंता नहीं बल्कि पाकिस्तान के किसानों की चिंता थी। जयशंकर ने राज्यसभा में पहलगाम हमले के बाद सरकार की ओर से उठाए गए कदम गिनाए और कहा कि हमने पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द किए. सिंधु जल समझौते को स्थगित किया. खून और पानी एक साथ नहीं बहेगा। दुनिया ने देखा कि भारत ने किस तरह से जवाब दिया। हमारे निशाने पर आतंकी और आतंकियों के ठिकाने थे. हमने दुनिया के सामने पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब किया.

### कांग्रेस नेहरू का नाम लेने पर हमलावर

लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान सरकार की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का नाम लिए जाने पर कांग्रेस में आक्रोश है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके पास अपनी विफलताओं का कोई जवाब नहीं है। जयराम रमेश ने कहा कि लोकसभा में गृह मंत्री और प्रधानमंत्री दोनों ने एक बार फिर दिखाया कि जवाहरलाल नेहरू के मामले में वे उस बीमारी से पीड़ित हैं जिसे मेडिकल भाषा में ऑब्सेसिव-कंपल्सिव डिसऑर्डर (ओसीडी) कहा जाता है। संभव है कि आज राज्यसभा में भी यह बात दिखे। उन्होंने कहा कि उनके पास अपनी वर्तमान विफलताओं का कोई जवाब नहीं है। उनकी नीतियों और कार्यों पर उठाए जा रहे वैध सवालों का उनके पास कोई जवाब नहीं है।

## मछली पर बढ़ी 'दबिश' अवैध निर्माण ध्वस्त

**भोपाल।** राजधानी में अनंतपुरा कोकता में आज प्रशासन ने करीब 50 करोड़ रुपए का अवैध निर्माण हटाने की बड़ी कार्रवाई की गई है। बताया गया है कि यहां सरकारी जमीन पर ही फॉर्म हाउस, वेयर हाउस, फैक्ट्री, मकान आदि बना लिए गए थे। 'मछली' परिवार पर यह कार्रवाई की गई। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया के नेतृत्व में पूरी टीम मौके पर पहुंची। इनमें भारी भरकम पुलिस बल भी शामिल हैं। अतिक्रमण हटाने के लिए 10 से 15 जेसीबी मौके पर है। दरअसल, भोपाल पुलिस ने भतीजे यासीन अहमद उर्फ मछली और चाचा शाहवर अहमद उर्फ मछली को पकडा हैं। को भोपाल पुलिस ने सैफुद्दीन और शाहरुख नाम के दो ड्रग पैडलर को पकड़ा था। वे शहर के विभिन्न क्लबों और पार्टियों में एमडी (मेथामफेटामिन) पाउडर की सप्लाई करते थे।



## घुसपैठ कर रहे दो आतंकियों को सेना ने गोली मारी

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को सेना ने गोली मार दी। हालांकि यह घायल हुए हैं या मारे गए, अभी इसकी अधिकारिक पुष्टि बाकी है। बताते हैं बार्डर पर तैनात जवानों ने देर रात देगवार सेक्टर के मालदीवलन इलाके में संदिग्ध गतिविधि देखी। जिसके बाद एनकाउंटर शुरू हुआ। दो दिनों में सेना का यह दूसरा एनकाउंटर है। 28 जुलाई को श्रीनगर के दाचीगाम नेशनल पार्क के पास हरवान इलाके में सुरक्षाबलों तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों को ढेर किया था। इनमें पहलगाम हमले का मुख्य आरोपी सुलेमान भी शामिल था।



## अब सोनम कांड पर बनेगी फिल्म हनीमून इन शिलांग

**इंदौर।** बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड पर अब फिल्म बनाने की तैयारी है। मुंबई के एक फिल्म डायरेक्टर राजा के घर पहुंचे थे, जहां उन्होंने रघुवंशी परिवार के सामने इस बात का खुलासा किया। फिल्म को लेकर रघुवंशी परिवार ने भी अपनी सहमति दे दी है। फिल्म का नाम हनीमून इन शिलॉन्ग होगा। इसकी स्क्रिप्ट भी फाइनल हो चुकी है। शूटिंग भी इंदौर और शिलॉन्ग में की जाएगी। डायरेक्टर एस.पी.निंबावत इस फिल्म को डायरेक्ट करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके पहले भी कई फिल्म डायरेक्ट कर चुके हैं।



**मेट्रो एंकर**


**अहमदाबाद हादसे के बाद सतर्कता का दौर, एयरलाइन को मिली डेडलाइन**

## एयर इंडिया के ऑडिट में गंभीर गड़बड़ियां पकड़ी गई !

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल दहला देने वाली अहमदाबाद विमान दुर्घटना और भारत समेत दुनिया के कई देशों में लगातार हवाई जहाज में गड़बड़ियों के मामले सामने आने के बाद काफी एहतियात बरते जा रहे हैं। अब भारत में विमानों की सुरक्षा देखने वाली संस्था नागरिक उड्डयन महानिदेशालय यानि डीजीसीए ने टाटा समूह की एयरलाइन एअर इंडिया में कई बड़ी खामियां पकड़ी हैं। खबरों के मुताबिक इनमें पायलटों और केबिन क्रू की ट्रेनिंग, उनके आराम और ड्यूटी के नियम और उड़ान भरने-उतरने से जुड़े मानकों में करीब सौ तरह की गड़बड़ियां शामिल हैं। इनमें से 7 गड़बड़ियां 'लेवल-1' की बताई जा रही हैं। इसे गंभीर सुरक्षा जोखिम कहा जाता है और अब एयरलाइन को इन्हें आज तीस जुलाई तक दूर करने का वक्त है जबकि बाकी 44 खामियों को 23 अगस्त तक सुधारने को कहा गया है। हालांकि, अभी इन खामियों की लिस्ट सार्वजनिक नहीं की गई है।

दूसरी तरफ एअर इंडिया ने एक बयान में इन ऑडिट नतीजों को स्वीकार किया है और कहा है कि वे तय समय के अंदर डीजीसीए को अपना जवाब देंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एअर इंडिया के गुरुग्राम में



बने मुख्य सेंटर पर 1 से 4 जुलाई तक एक बड़ा ऑडिट हुआ था। इसमें फ्लाइट ऑपरेशन, शेड्यूल बनाने, रोस्टरिंग और कई दूसरे पहलुओं की जांच की गई थी। डीजीसीए ने 23 जुलाई को एअर इंडिया को चार कारण बताओ नोटिस भेजे थे। ये केबिन क्रू के आराम और ड्यूटी नियमों, ट्रेनिंग रूल्स, और ऑपरेशनल प्रोसीजर के उल्लंघन को लेकर थे। इससे पहले 21 जून को चालक दल की शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग की जिम्मेदारी से जुड़े तीन अधिकारियों को हटाने के निर्देश भी दिए थे। डीजीसीए ने उनकी कार्यशैली में गंभीर लापरवाही पाई थी।

उल्लेखनीय है कि एयर इंडिया की फ्लाइट अहमदाबाद में गिरी थी। दुर्घटना जांच ब्यूरो हादसे की जांच कर रहा है तथा शुरुआती रिपोर्ट जारी की गई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि उड़ान भरने के कुछ ही सेकेंड के भीतर इंजनों के फ्यूल स्विच 'रन' से 'कटऑफ' पर चले गए।

### 4 माह पहले सामने आई बड़ी गड़बड़ी

बताया जाता है कि मार्च 2025 में एअर इंडिया एक्सप्रेस को फटकार भी लगाई गई थी। क्योंकि एयरलाइन ने यूरोपीय यूनियन की एविएशन सेफ्टी सिक्योरिटी अथॉरिटी के निर्देश पर एयरबस 320 के इंजन कम्पोनेंट्स समय पर नहीं बदले थे। तब डीजीसीए ने कहा था- एयरबस के इंजन के पार्ट्स का मॉडिफिकेशन तय समय पर नहीं किया गया। काम समय पर पूरा दिखाने के लिए एएमओएस रिकॉर्ड बदला व फर्जी कागज बनाए। एयरलाइन ने अपनी गलती मानी थी व कार्यशैली में सुधार व एहतियाती उपाय की बात भी कही थी। कंपनी ने कहा था- हमारी टेक्निकल टीम अपने मॉनिटरिंग सॉफ्टवेयर पर रिकॉर्ड के माइग्रेशन के कारण पार्ट्स रिप्लेसमेंट के लिए तय तारीख से चूक गई थी। समस्या का पता चलते ही इसे ठीक किया गया था।

## निसार की लांचिंग शाम को, दुनिया को करेगा स्कैन

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) आज निसार यानि नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार मिशन का प्रक्षेपण कर रहा है। इसरो के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन के अनुसार उपग्रह को एक भारतीय रॉकेट द्वारा पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया जाएगा। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र आज बुधवार शाम 5ः40 बजे निसार को जीएसएलवी-एस16 रॉकेट के जरिये लॉन्च किया जाएगा। यह पहला ऐसा मिशन है जिसमें पहली बार किसी जीएसएलवी रॉकेट के जरिये ऐसे उपग्रह को सन-सिंक्रोनस ऑर्बिट (सूर्य-स्थिर कक्ष) में स्थापित किया जाएगा। इससे बड़ी मात्रा में डाटा एकत्र करना संभव हो पाएगा। यह उपग्रह अंटार्कटिका, उत्तरी ध्रुव और महासागरों सहित पृथ्वी से संबंधित व्यापक डाटा प्रसारित करेगा।



## राजधानी में बारिश थमते ही जिम्मेदार एजेंसियों को करने होंगे मेंटेनेंस के काम

# सावन की जोरदार झड़ी से जलस्त्रोत लबालब, कई सड़कें ध्वस्त, पेड़ उखड़े

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

तीन दिन से जोरदार बारिश ने राजधानी में अफरातफरी पैदा कर दी है। सडके और निचली बस्तियां पानी से लबालब हैं। बीते चौबीस घंटे में ही भोपाल में करीब डेढ इंच से अधिक बारिश दर्ज हुई। जबकि रविवार सुबह से सोमवार शाम तक ही 2 इंच बारिश हुई। मौसम विभाग ने भोपाल में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। लगातार बारिश के कारण बड़े तालाब का जलस्तर 1660.40 फीट से बढ़कर 1660.65 फीट हो गया। कोलार डेम का लेवल 455 मीटर से ऊपर पहुंच गया, जबकि कलियासोत डेम का जलस्तर 502.75 मीटर से 503 तक आ गया है। कल ही इसके गेट खोलने का भी पूर्वाभ्यास किया गया था। वहीं कोलांस में भी भरपूर पानी आया है। चूंकि शहर में लगातार बारिश हो रही है इससे जलभराव हो गया है और सड़कों पर गड्ढे बन गए हैं। कई प्रमुख सड़कों की बजरी निकल गई है।इन हालातों से स्थानीय जिम्मेदार एजेंसियों के भी हाथपांव फूले हुए हैं। अभी तात्कालिक काम करके लोगों को राहत देने की कोशिश जरूर की जा रही है लेकिन लोग परेशान हैं।

### राजधानी में साढ़े सात इंच बारिश, आज सभी स्कूल बंद, कलियासोत के गेट खुले, बड़ा तालाब@1662 फीट



**भोपाल मैन स्टेशन के प्लेटफॉर्म एक तक जा पहुंचा पानी**

बीते चौबीस घंटे में शहर के दो इलाकों से जलभराव की शिकायतें नगर निगम कंट्रोल रूम तक पहुंची हैं। भोपाल मैन स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 की तरफ मृगनयनी में भी पानी भर गया। शहर में दर्जनभर से ज्यादा जगहों पर पेड़ गिरने की शिकायत पहुंची हैं। इसमें 10 नंबर मार्केट, 4 इमली, वार्ड-10, श्यामला हिल्स गेस्ट हाउस, अरेरा कॉलोनी और विधायक विश्राम गृह इलाकों से पेड़ गिरने की शिकायतें हैं।

**कलियासोत डैम का गेट खोलकर 5 फीसदी खाली किया**

बारिश के इस सीजन में पहली बार भदभदा डैम से पहले कलियासोत डैम का गेट खोला गया। जबकि अभी कलियासोत डैम 2.87 मीटर खाली है । इसके बावजूद कलियासोत डैम के एक गेट को मंगलवार अपरान्ह करीब 12 बजे खोल दिया गया। इस गेट से पांच प्रतिशत पानी को छोड़ा। कलियासोत डैम प्रभारी नितिन कुहीकर ने बताया कि अभी डैम में 65 प्रतिशत पानी भरा है ।60 प्रतिशत पानी का जलस्तर करने के लिए पांच प्रतिशत पानी एक गेट से छोड़ा गया है। गत वर्ष भदभदा डैम के गेट खोलने के बाद कलियासोत डेम का गेट पहली बार दो अगस्त को खोल गया था। पूरे सीजन में कलियासोत डैम के गेट कुल चार बार खोले थे।



### सरकार नदारद, जनता भगवान भरोसे: पटवारी

राजधानी भोपाल से लेकर प्रदेश के सुदूर ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों तक, हर जगह बारिश से तबाही का आरोप लगाते हुए मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस आपदा पर सरकार की निष्क्रियता और जनता की अनदेखी पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि भोपाल में खटिया पर मरीज ढोने की मजबूरी है। हुजूर विधानसभा के ग्राम प्रेमपुरा में अधूरे पुल और कीचड़ भरे रास्तों ने मोहन सरकार के विकास के दावों की पोल खोल दी। बारिश ने गाँव का रास्ता कीचड़ में बदल दिया, जिसके कारण ग्रामीणों को बीमार मरीज को खटिया पर लादकर भोपाल लाना पड़ा। जब राजधानी में लोग इस हाल में हैं, तो सुदूर आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति कितनी भयावह होगी?'

## 100 करोड़ के बिग मेंटेनेंस हब निर्माण को हरी झंडी

# वंदेभारत ट्रेन के कोच का अब निशातपुरा में होगा मेंटेनेंस



**भोपाल दोपहर मेट्रो**

अब राजधानी में रेलवे की महत्वाकांक्षी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए बनाए जाने वाले बिग मेंटेनेंस हब का काम अगले महीने से शुरू होने के आसार हैं। यह हब निशातपुरा क्षेत्र में (कोच फैक्ट्री के नजदीक) रेल लाइन के पास बनाया जाएगा। इससे इन ट्रेनों के कोचों को आसानी से वहां तक पहुंचाया जा सकेगा। पहले यह हब संत हिरदाराम नगर स्टेशन के नजदीक बनाया जाना था। लेकिन, वहां पर पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण जगह बदली गई।

बताया जाता है कि लगभग सौ करोड़ रुपए की लागत से बनाए जाने वाले इस बिग मेंटेनेंस हब में एक साथ तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के कोचों में सुधार कार्य किया जा सकेगा। इसका फायदा यह होगा कि वंदे भारत श्रेणी की ट्रेनों के जिन कोचों को मेंटेनेंस के लिए वर्तमान में इटारसी और चेन्नई तक नहीं पहुंचाना पड़ेगा। यह काम करीब दो साल में पूरा हो सकेगा।

बताया जाता है कि वंदे भारत सहित अन्य ट्रेनों के लिए रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास भी एक मेंटेनेंस शेड बनाया जाएगा। यहां वंदे भारत ट्रेनों के साथ-साथ अन्य ट्रेनों का भी मेंटेनेंस होगा। ट्रेनों की धुलाई के लिए हाई क्वालिटी वाले प्रेशर पंप का उपयोग किया जाएगा। इससे पानी की बचत होगी। यहां पर सिंक्रोनाइज्ड पिट जैक सिस्टम के माध्यम से 8 कोच का मेंटेनेंस किया जा सकेगा।

# सिंधु भवन ट्रस्ट के महेश ठारवानी का सम्मान



**हिरदाराम नगर दोपहर मेट्रो**

साधु वासवानी एजुकेशनल सोसायटी और साधु वासवानी (स्वशासी) महाविद्यालय परिवार ने मध्य प्रदेश सिंधु भवन ट्रस्ट के नव-निर्वाचित सचिव श्री महेश ठारवानी का भव्य स्वागत किया। श्री ठारवानी, जो भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश महामंत्री और रीवा के एक वरिष्ठ समाजसेवी भी हैं, के महाविद्यालय आगमन पर उन्हें पुष्पमालाएँ पहनाकर सम्मानित किया गया।

साधु वासवानी एजुकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष श्री दयालदास डेटानी ने नए सचिव को बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए उनके समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर सोसायटी के उपाध्यक्ष सुरेश दरियानी, सचिव अशोक आडवानी, कोषाध्यक्ष दिनेश वाधवानी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल सिंह, प्राध्यापकगण और कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य ने श्री महेश ठारवानी को उनके आगमन के लिए धन्यवाद दिया और बधाई अर्पित की।

## पेड़ जीवन का आधार हमें देते हैं ऑक्सीजन और शुद्ध वायु : सिद्धभाऊ




**हिरदाराम नगर।** साधु वासवानी स्कूल के ग्राउंड में पर्यावरण को शुद्ध रखने के उद्देश्य से एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रेरणादायक अभियान का मुख्य संदेश था: 'एक पेड़ माँ के नाम।'

शिक्षाविद् विष्णु गेहानी जी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण है उन्हें योजनाबद्ध तरीके से लगाना ताकि वे हमेशा हरे-भरे रहें और पर्यावरण को शुद्ध रखें।

सिद्ध भाऊजी ने 'एक पेड़ माँ के नाम' के विशेष संदेश पर जोर देते हुए कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं, उनसे हमें ऑक्सीजन और शुद्ध वायु मिलती है। उन्होंने ऐसे पेड़ लगाने का आह्वान किया जिनसे अधिक मात्रा में ऑक्सीजन प्राप्त हो सके। भाऊजी ने बताया कि पेड़ हमारे जीवन की जड़ों को मजबूत करते हैं और पर्यावरण को शुद्ध रखते हैं, जिससे हमारी मानसिकता भी सकारात्मक रहती है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिवस पर एक पेड़ लगाने का संकल्प लेने को प्रेरित किया।

## सिंधु भवन में झूलेलाल चालीहा महोत्सव: भक्तिमय सत्संग और भंडारे का आयोजन

**हिरदाराम नगर।** मध्य प्रदेश सिंधु भवन ट्रस्ट द्वारा भगवान झूलेलाल चालीहा महोत्सव के पावन अवसर पर भवन प्रांगण में एक भव्य सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस भक्तिमय संध्या में दादा द्वारकादास ठाकुर ने अपने मधुर भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



कार्यक्रम का शुभारंभ बहराना साहब की ज्योत प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेंद्र मनवानी, महासचिव हरीश ज्ञानचंदानी, कोषाध्यक्ष श्री अनिल चुघ, विधिक सलाहकार जितेंद्र जादवानी, ट्रस्टी श्याम चंदनानी सहित अनेक धर्मावलंबी बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी श्रद्धालुओं द्वारा भंडारा प्रसादी ग्रहण करने के साथ हुआ।

# मिठी गोबिंदराम स्कूल के छात्रों का प्रिंटिंग प्रेस दौरा: सृजन और मुद्रण का व्यावहारिक अनुभव

**हिरदाराम नगर दोपहर मेट्रो**

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्रों ने हाल ही में मेश प्रिंटिंग प्रेस का शैक्षिक दौरा किया। इस दौरे का प्राथमिक उद्देश्य छात्रों को समाचार पत्रों की प्रिंटिंग प्रक्रिया का सीधा और व्यावहारिक अनुभव देना था, जिससे वे मुद्रण की विभिन्न विधियों और प्रणालियों को गहराई से समझ सकें।



दौरे के दौरान, छात्रों ने अखबार के कागजों की रोलिंग से लेकर छपाई, रंगों के मिश्रण, और अंतिम मुद्रण तक के हर चरण का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कटिंग, स्पाइरल बाइंडिंग, यूवी प्रिंटिंग, पेपर फोल्डिंग, और बॉक्स फोल्डिंग जैसी प्रक्रियाओं को भी करीब से देखा। छात्रों ने एक इंटरैक्टिव सत्र में भी सक्रिय रूप से भाग लिया, जहाँ उनके सभी प्रश्नों का उत्तर मेश प्रिंटिंग के सीईओ अनिरुद्ध ने दिया।

संस्थान सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने इस पहल को महत्वपूर्ण बताया, कहा कि छात्रों को डिजिटल दुनिया और मुद्रण के महत्व से अवगत कराना आवश्यक है, ताकि उनमें व्यावसायिक जगत के प्रति एक सार्थक दृष्टिकोण विकसित हो सके। अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी ने इस बात पर जोर दिया कि विद्यालय केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर छात्रों में व्यावहारिक जिज्ञासा और सृजनशीलता की समझ विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

विद्यालय के प्राचार्य अजय बहादुर ने कहा कि इस तरह के दौरे छात्रों को वास्तविक दुनिया का अनुभव देते हैं, क्योंकि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि जीवन के अनुभवों से समृद्ध होनी चाहिए।

**मेट्रो एंकर**

## जेपी अस्पताल में 6 करोड़ की योजना पर अचानक चुप्पी, टेंडर निरस्त

# दिल के बाद दांतों की यूनिट भी दे रही दगा, अपग्रेडेशन का मामला अधर में

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

राजधानी के जेपी अस्पताल के विस्तार की जितनी बात की जाती है वह बिल्डिंग जैसे मामलों में तो नजर आ जाता है लेकिन इलाज की सुविधाओं का विस्तार बार बार अटक जाता है। अब यहां दिल और दांत का उच्च स्तरीय इलाज मिलने का सपना एक बार फिर अधूरा नजर आने लगा है क्योंकि कार्डियक यूनिट के बाद अब डेंटल यूनिट को अपग्रेड करने का टेंडर भी निरस्त कर दिया गया है। इस फैसले से अब मरीजों को हमीदिया अस्पताल और एम्स में ही लंबी कतारों में अटके रहना पडेगा। जबकि जेपी अस्पताल नए शहर के मरीजों की जरूरतों का बड़ा केंद्र है लेकिन इसके बजाए लोगों को दूसरे अस्पतालों में जाना पड रहा है।

दरअसल, जेपी में गंभीर दांत संबंधी इलाज जैसे जबड़ा फ्रैक्चर, अकल दाढ़ की सर्जरी या पायरिया जैसी प्रक्रियाओं के लिए मरीजों को नई डेंटल यूनिट देने की स्वास्थ्य विभाग ने घोषणा की थी। जो टेंडर निरस्त होने के साथ टूटती नजर आ रही है। जबकि कुछ समय पहले कार्डियक यूनिट का टेंडर निरस्त होने पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने इसके पीछे टेंडर में तकनीकी समस्या को कारण बताया था। साथ ही, आमजन को भरोसा दिलाया था कि जल्द नया टेंडर किया जाएगा। जिससे मरीजों को जेपी अस्पताल में ही दिला के रोगों का संपूर्ण इलाज मिल सकेगा।




उल्लेखनीय है कि करीब दो साल पहले डेंटल यूनिट को अपग्रेड करने के लिए 6 करोड़ रुपए की योजना तैयार की गई थी। इसका प्रस्ताव जेपी अस्पताल प्रबंधन द्वारा तैयार किया गया था। जिसे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मंजूरी दी थी। इसमें 55 मॉडर्न मशीनें और उपकरण लगाने, अलग ओटी और वार्ड तैयार करने के साथ नई डेंटल क्लिनिक में उन्नत सर्जरी शुरू करने का प्रस्ताव था। निर्माण कार्य की शुरुआत भी हो चुकी थी, लेकिन अचानक मशीनों की खरीदी से जुड़ा टेंडर निरस्त कर दिया गया। खास बात यह है कि अस्पताल प्रबंधन ही इस मामले से खुद को अनभिज्ञ बता रहा है। सिविल सर्जन डा.राकेश श्रीवास्तव ने कहा, फिलहाल मेरी जानकारी में यह मामला नहीं है क्योंकि एनएचएम इस यूनिट को अपग्रेड कर रहा था।

### सिर्फ बेसिक इलाज ही

अभी हाल यह है कि जेपी में डेंटल विभाग में कोई स्पेशलिस्ट डॉक्टर मौजूद नहीं है। केवल रूट कैनाल, फिलिंग और दांत निकालने जैसी बेसिक सेवाएं ही मिल रही हैं। कई बार इन छोटी प्रक्रियाओं के लिए भी मरीजों को 2-3 हफ्ते इंतजार करना पड़ता है। रोजाना ओपीडी में आने वाले 4 से 5 मरीजों को जटिल प्रक्रियाओं के लिए रेफर कर दिया जाता है। जबकि नई यूनिट आती तो अकल दाढ़ की सर्जरी,जबड़ा फ्रैक्चर का इलाज, बच्चों के दांतों की नसों की समस्याओं का उपचार, केविटी की परमानेंट फिलिंग और ओरल मैक्सोफेशियल सर्जरी जैसी सुविधाएं मिलनी थीं।

### कानून व्यवस्था की समीक्षा की मुख्यमंत्री ने

# सड़कों पर स्टंट और हथियार लहराने वालों पर सख्त एक्शन के निर्देश

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि शहरों में प्रमुख मार्गों पर स्टंट करने वालों, हथियार लहराने वालों, गौवंश पर अत्याचार या नशे से जुड़े अपराधों में लिप्त तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाना चाहिये। पुलिस का रोल सड़क पर दिखने के साथ जनता के दिल में भी दिखना चाहिए। कैसे भी अपराध हों, उनके नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों से भी जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। दिये व कहा कि अलग-अलग तरह के प्रकरणों में गृह विभाग और विधि विभाग के समन्वय से आवश्यक प्रक्रिया के अनुसार कार्य करें। नए कानूनों के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश की सक्रिय भूमिका पर केंद्रीय गृह मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की है। अपराध नियंत्रण के कार्यों और गतिविधियों में मध्यप्रदेश के प्रयासों और नवाचारों की भारत सरकार ने प्रशंसा की है। यह स्थिति कायम भी रहे और इसका स्तर और भी ऊंचा हो, ऐसे प्रयास किए जाएं।

बैठक में जानकारी दी गई किप्रदेश में नक्सल विरोधी अभियान के अंतर्गत जहां नक्सली तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई है, वहां सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्यों को पूर्ण करने को भी प्राथमिकता दी जा रही है। 14 जून को बालाघाट जिले में 4 माओवादी मुठभेड़ में मारे गए। इनसे कई हथियार भी जब्त किए गए। हाल ही में 19 जुलाई को बालाघाट के लांजी क्षेत्र में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के सीमावर्ती वन क्षेत्र में माओवादियों से हुई मुठभेड़ में कम्प्यूटर टैबलेट, दूरबीन और अन्य सामग्री जब्त की गई। इस दौरान बालाघाट कलेक्टर ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्राहकों को उनके मानदेय का भुगतान भी किया जा रहा है। मंडला कलेक्टर ने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र पर फोकस किया जा रहा है। सिकल सेल एनीमिया की पहचान के लिए शिविर लगाए गए हैं। कोदो कुटकी का उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य है। डिंडोरी कलेक्टर ने बताया कि वन अधिकार अधिनियम में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर कार्रवाई की जा रही है। कमिश्नर जबलपुर ने बताया कि संभाग के नक्सल प्रभावित जिलों में स्वास्थ्य, महिला बाल विकास और खाद्य विभाग की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



#### बैठक से पहले सदन में उठे थे सवाल

दरअसल गत दिवस विधानसभा सत्र के दौरान सदन के अंदर विपक्ष के विधायकों ने सरकार को पुलिस की भेदभावपूर्ण व लचर कार्यप्रणाली पर जमकर घेरा था। यहां तक कि कई मामलों में तो 15 15 सालों से पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाने के मामले में आपत्ति दर्ज कराई और कार्रवाई की अवधि पूछी। जबकि कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा व सेना महेश पटेल के बेटे के खिलाफ झूठा केस दर्ज कराने के आरोप लगाकर निष्पक्ष जांच की मांग की। इन मामलों में विपक्ष ने जोरदार नारेबाजी की और गर्भगृह तक पहुंच गए। जब आश्वासन नहीं मिला तो वाकआउट कर दिया।

#### मुख्यमंत्री के अफसरों को निर्देश

अपराध कैसे भी हों पुलिस का त्वरित एक्शन होना चाहिए। नए आपराधिक कानून के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश आगे है। इस स्थिति को हमेशा बनाए रखने के प्रयास हों। ई-समन में भी प्रगति अच्छी है। इन उपलब्धियों को और बेहतर बनाया जाए। सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग अपराध नियंत्रण कार्यों में हो रहा है। नवीन तकनीक का पूरा उपयोग करें। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल टॉवर स्थापित करने जैसे कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए। इस तकनीक की मदद से नक्सल विरोधी अभियान में अधिक अच्छे परिणाम आएंगे। वनाधिकार प्रमाण-पत्र से संबंधित आवश्यक कार्रवाई जरूरतमंद क्षेत्रों में पूर्ण की जाएं।

### भाजपा विधायक की बैठक में मंत्री, विधायकों को सत्ता व संगठन की नसीहत

# सप्ताह में एक दिन विधायकों को दें मंत्री मजबूती के साथ कांग्रेस को दें जवाब

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

विधायक जनता के प्रतिनिधि है और मैदान में रहते हैं। आए दिन क्षेत्र के लोग उनके पास काम लेकर आते हैं। वे चाहते हैं कि उनका काम विधायक कराएंगे। जब विधायक जनता के काम लेकर आते हैं तो ज्यादातर मंत्रियों का ठिकाना नहीं रहता। कुछ ही मंत्रियों से मुलाकात होती है इसलिए मंत्रीगण तय करें कि वे सप्ताह में कम से कम एक दिन विधायकों को दें। ये सलाह सत्ता व संगठन की ओर मंगलवार मुख्यमंत्री निवास में बुलाई विधायक दल की बैठक में दी। विधायकों से कहा कि क्षेत्र से लेकर सदन के अंदर तक एकजुट रहें और मजबूती से कांग्रेस को जवाब दें। बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद आदि वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार जनता के हितों को ध्यान में रखकर अधिकांश निर्णय कर रही है। हमें भी अपने क्षेत्र की जनता के हितों के लिए उनके बीच जाकर, जनता से विचार-विमर्श कर क्षेत्र के विकास की योजनाएं बनानी हैं। साथ हीयोजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को उन योजनाओं का लाभ दिलाना है। कांग्रेस अपनी करनी से रसातल की ओर बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक कैलेंडर बनाकर ऐसा काम करें ताकि आने वाले सालों में होने वाले नगरीय चुनावों में पार्टी को प्रत्येक वार्ड में जीत मिल सके। कोशिश करें कि सरकार के कामों को ज्यादा से ज्यादा जनता तक पहुंचाए, इसके लिए जनता के बीच जब भी जाए, संवाद करें, जनता को सरकार द्वारा लिए जाने वाले जनकल्याणकारी निर्णयों की जानकारी दें। विपक्ष के झूठे दावों व समाज को बरगलाने वाले आरोपों पर मजबूती से जवाब दें। हमारी सरकार कई काम कर रही है लेकिन कांग्रेस अभी भी छोटे- छोटे मुद्दों में उलझी हुई है।



#### विधायकों को सिर्फ शिकायत नहीं करनी चाहिए

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि विधायकों को भी सिर्फ शिकायत नहीं करनी चाहिए, बल्कि सरकार के दर्जनों अच्छे कामों को जनता तक पहुंचाने का काम करना चाहिए। काम वह करना चाहिए, जो जनता चाहे। इसलिए विकास के कार्य विधायकों को अपने मुताबिक ही नहीं, बल्कि जनता के मुताबिक करने चाहिए। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि कई विधायक प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्रियों के सोशल मीडिया प्लेटफार्म से साझा की जा रही उपलब्धियों को साझा नहीं कर रहे हैं, इस पर ध्यान दें और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सक्रिय रहे। विधायक केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जन-जन तक प्रचार-प्रसार में महती भूमिका निभाएं। विधानसभा में भाजपा के विधायकों ने अपने-अपने विषय रखे वह पूरे सदन सहित हम सबको गौरवान्वित करने वाला है। सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में अच्छा काम कर रही है।

#### डंके की चोट पर देंगे 27 फीसद ओबीसी आरक्षण- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने विधानसभा परिसर में कहा कि ओबीसी वर्ग को 27 फीसद आरक्षण डंके की चोट पर देंगे, इसमें कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। कांग्रेस ने इसको लेकर शुरू में गुमराह किया। कांग्रेस की यह गलती जनता को भुगतनी पड़ रही है। भाजपा सरकार ऐसा नहीं होने देगी। कोर्ट में मामला विचाराधीन है।

यह भी कहा कि कांग्रेस जनता को भड़का रही है, झूठ फैलाया जा रहा है। पूर्व में जातिगत गणना को बंद कराने का श्रेय कांग्रेस को ही जाता है, यह बात उनके नेताओं को भी पता है लेकिन वह बाज नहीं आ रहे हैं। भाजपा सरकार जातिगत गणना कराएगी, इसका भी श्रेय कांग्रेस लेने का प्रयास कर रही है, लेकिन ऐसा होने नहीं देंगे। इसकी जवाबदारी हम सभी पर है।

#### गोलू शुक्ला की क्लास ली

इंदौर से विधायक गोलू शुक्ला के बेटे द्वारा धार्मिक स्थलों पर किए गए दुर्व्यहार को लेकर प्रदेश अध्यक्ष व संगठन महामंत्री ने कड़ी फटकार लगाई, कहा कि जनप्रतिनिधि के रिश्तेदार इस तरह का व्यवहार करेंगे तो पार्टी के प्रति ठीक संदेश नहीं जाएगा, बल्कि छवि धूमिल होगी। आगे से ऐसा हुआ तो आपके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।



### प्रबंधन समिति की बैठक में निर्णय

# श्रद्धालुओं के लिए और भी सुविधाजनक बनेगा ओंकारेश्वर तीर्थ दर्शन

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**


सावन के महीने में श्रद्धालुओं के लिए ओंकारेश्वर में दर्शन व्यवस्था सुगम बनायी गई है। सावन माह के बाद एक माह तक विशेष तौर पर महाराष्ट्र से श्रद्धालु ओंकारेश्वर आते हैं इस दौरान भी यहाँ समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

ओंकारेश्वर में ममलेश्वर मंदिर की नवगठित प्रबंधन समिति की पहली बैठक गत दिवस ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम परियोजना कार्यालय के सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में मांधाता विधायक नारायण पटेल, संभागायुक्त इंदौर दीपक सिंह के अलावा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक खण्डवा, नगर परिषद ओंकारेश्वर की अध्यक्ष मती मनीषा परिहार सहित मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यगण मौजूद थे। बैठक में संभागायुक्त सिंह ने कहा कि मंदिर में प्रचलित परंपराओं में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, सभी परंपराओं का पहले की तरह ही पालन किया जाएगा। संभागायुक्त सिंह ने कहा कि ममलेश्वर मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनायेंगे। संभागायुक्त सिंह ने कहा कि ममलेश्वर मंदिर परिसर में विकास कार्यों की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के माध्यम से तैयार कराई जाए, और उसी के हिसाब से मंदिर परिसर में विकास कार्य किए जाएं। उन्होंने मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाकर कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर खंडवा गुप्ता ने बताया कि ममलेश्वर मंदिर की वेबसाइट बना ली गई है। कुछ ही दिनों में ममलेश्वर मंदिर के लाइव दर्शन की सुविधा भी वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।

### प्रचार्यों-प्रधानाध्यापकों को हर कक्षा का निरीक्षण करने के निर्देश

# डीपीआई ने दिए प्रदेश के स्कूलों में सीपेज, लीकेज या सीलिंग की मरम्मत के आदेश

**भोपाल।** मप्र स्कूल शिक्षा विभाग ने सुरक्षा के लिहाज से प्रदेश के सभी स्कूलों में भवन सुधार व मरम्मत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।? लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी आदेश में कहा है कि स्कूलों की जांच की बात कही है। आदेश में कहा गया है कि प्रदेश के जिलों में अतिवृष्टि (भारी बारिश) की स्थिति है। इसको देखते हुए यदि किसी भी स्कूल की छत में लीकेज, सीपेज की स्थिति है तो इसकी मरम्मत कराई जाए। इसके लिए आवश्यक आवंटन किया जा चुका है। इसको लेकर 24 अप्रेल को विस्तृत निर्देश भी जारी किए गए थे। प्राथमिक, माध्यमिक और हाई एवं हायर



सेकेण्डरी स्कूल में किसी भी प्रकार की सीपेज, लीकेज या सीलिंग का प्लास्टर गिरने की संभावना हो, वहां किसी भी कारण से क्लास ना लगाई जाएं। प्रचार्यों और प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया है कि हर कक्ष का दोबारा निरीक्षण करें। संभावित खतरों की पहचान करें और उन्हें दूर करने के लिए आवश्यक सुधार किए जाएं। इसके लिए उपलब्ध आवंटन या स्थानीय मद का उपयोग करें।

# स्कूल शिक्षा विभाग अब अनुकंपा नीति बनाएगा

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

राजधानी मॉडल स्कूल में छात्र संघ का शपथ समारोह के मौके पर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने स्कूलों की गुणवत्ता की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य में 75 हजार स्कूल मॉडल, एक्सीलेंस और पीएमश्री के रूप में सर्व-सुविधा के साथ विकसित किये जा चुके हैं। बच्चों को विश्व-स्तरीय अध्ययन सुविधा उपलब्ध कराने के लिये करीब 300 स्कूल सांदीपनि विद्यालय के रूप में संचालित हो रहे हैं। अब स्कूलों में लागू डिजिटल अटेंडेंस व्यवस्था शिक्षकों के लिये भी सुविधाजनक है। इस डिजिटल प्लेटफार्म को भोपाल के कमांड सेंटर से संचालित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग जल्द ही अनुकंपा नियुक्ति नीति भी घोषित करेगा। इसके माध्यम से एक निश्चित समय-सीमा में दिवंगत शिक्षकों के परिवार के नियुक्ति संबंधी प्रकरणों को हल किया जायेगा।

#### प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान

इस मौके पर मंत्री ने प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया। इन बच्चों ने बोर्ड की कक्षा 12वीं और 10वीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किये हैं। कार्यक्रम को विधायक भगवान दास सबनानी ने भी संबोधित किया। मॉडल स्कूल की प्राचार्य रेखा शर्मा ने गुणवत्ता के क्षेत्र में स्कूल को प्राप्त श्रेष्ठ पुरस्कारों के बारे में जानकारी दी।

**मेट्रो एंकर**

### प्रदेश के 24 हजार 662 आंगनबाड़ी का हो रहा स्मार्ट कायाकल्प

# डिजिटल लर्निंग से लेकर पोषण वाटिका तक की सुविधा

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

मध्यप्रदेश के लगभग 24 हजार 662 आंगनबाड़ी को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में उन्नत किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 25 प्रतिशत केंद्रों को आधुनिक तकनीक और मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित कर स्मार्ट बनाया जा रहा है। यह पहल प्रदेश में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को मजबूती प्रदान करेगी और बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।




इस योजना के तहत प्रत्येक चयनित आंगनबाड़ी केंद्र को 1 लाख रूपये की लागत से उन्नत किया जा रहा है। उन्नयन में एलईडी (स्मार्ट टीवी), वॉटर प्यूरीफायर, वर्षा जल संचयन प्रणाली, पोषण वाटिका, और ईसीसीई गतिविधियों के लिये आवश्यक संसाधनों की स्थापना सम्मिलित है।

प्रारंभिक शिक्षा को रोचक और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्रों में एलईडी स्मार्ट टेलीविज़न लगाए जा रहे हैं। इनका उपयोग 3 से 6 वर्ष के बच्चों को हिन्दी-अंग्रेज़ी वर्णमाला, गिनती, और अन्य पूर्व-प्राथमिक शिक्षा गतिविधियों के विज़ुअल टूल्स के माध्यम से ज्ञान देने में किया जाएगा। यह पहल बच्चों में सीखने के प्रति रुचि और आनंद उत्पन्न करेगी, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास को बल मिलेगा। आंगनबाड़ी केंद्रों पर वॉटर प्यूरीफायर लगाए जा रहे हैं, जिससे बच्चों को स्वच्छ पेयजल सुलभ हो सके। यह प्रयास जलजनित बीमारियों की रोकथाम में प्रभावी साबित होगा और बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा।

#### जल संरक्षण की दिशा में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग

जल स्तर में लगातार गिरावट को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों पर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना की जा रही है। बरसात के पानी को संरक्षित कर भूगर्भीय जलस्तर को पुनर्जीवित करने का यह नवाचार राज्य के सतत विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम है। विभाग द्वारा इस प्रणाली के संचालन के लिये मैदानी अमले को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। हर आंगनबाड़ी केंद्र की उपलब्ध भूमि में पोषण वाटिका तैयार की जा रही है, जिसमें मौसमी सब्जियाँ व फलदार पौधे लगाए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर ताजे, पोषक और किफायती खाद्य पदार्थों की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करना है, जिससे आंगनबाड़ी के बच्चों और आसपास के जरूरतमंद परिवारों को लाभ होगा।



संपादकीय

# फिर दोस्ती की राह पर

भारत और मालदीव के बीच बेहद तीखे विवाद और तनाव के बाद अब कुछ अर्से से हालात सामान्य होते दिख रहे हैं। उस वक्त संबंधों में तखिल्यों के तेज उतार-चढ़ाव के बाद भारत और मालदीव के संबंधों में जो नई गर्मजोशी देखी जा रही है, उसे दोनों देशों के अतीत के मजबूत सहयोग को फिर से नया स्वरूप देने की कोशिश के तौर पर देखा जा सकता है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया माले यात्रा के दौरान भारत ने मालदीव को 4,850 करोड़ रुपए की ऋण सुविधा देने की घोषणा की और जल्दी ही एक मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर भी सहमति बनी। इसके अलावा, दोनों पक्षों ने मत्स्य पालन और कृषि, मौसम विज्ञान, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, यूपीआइ, भारतीय 'फार्माकोपिया' और ऋण सुविधा के क्षेत्र में छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए। रक्षा और समुद्री सुरक्षा सहित कई अन्य महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए हुई व्यापक वार्ता से यह उम्मीद की जा सकती है कि अब भारत और मालदीव के संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत होगी। खासतौर पर भारत ने मालदीव के सामने जिस स्तर का धीरज दिखाया और अब भरोसे की दोस्ती को आगे बढ़ाने पर जोर दिया है, वह मालदीव के लिए भी सकारात्मक परिस्थितियों का निर्माण करेगा। दरअसल, इस संदर्भ में सहयोग के नए सिरे खुलने की अहमियत इसलिए भी है कि ज्यादा दिन नहीं बीते हैं जब एक बेमानी मुद्दे पर मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के रुख ने दोनों देशों के बीच नाहक ही एक कड़वाहट पैदा कर दी थी। तब मालदीव की ओर से भारत विरोधी कई बयान दिए गए थे और भारतीय सेना की उपस्थिति पर आपत्ति जताई गई थी। स्थिति ऐसी थी कि अगर भारत ने धीरज नहीं दिखाया होता तो तस्वीर दूसरी हो सकती थी। मालदीव के अप्रत्याशित रुख के बावजूद भारत ने अपनी ओर से उसकी सहायता के दरवाजे बंद नहीं किए। नतीजा यह निकला कि कुछ समय बाद मालदीव को अपने रुख पर फिर से विचार करना पड़ा और आखिर उसकी ओर से संबंध सुधारने की दिशा में पहलकदमी हुई। हालांकि उस समय भी एक तरह से यह साफ था कि मालदीव की ओर से उठाए जाने वाले नाहक सवालों पर चीन का प्रभाव काम कर रहा था। खुद राष्ट्रपति मुइज्जू को चीन समर्थक माना जाता है। संभव है कि उस समय किन्हीं वजहों से मालदीव की सरकार को भविष्य में पैदा होने वाली परिस्थितियों के बारे में आकलन में हड़बड़ी हुई हो। मगर अब उसके रुख में बदलाव एक बेहतर भविष्य की राह खोल सकता है। पर्यटन मालदीव की अर्थव्यवस्था का एक सबसे बड़ा आधार है। वहां सबसे ज्यादा भारत और चीन के पर्यटक जाते रहे हैं। मगर विवाद के हालात पैदा होने के बाद भारत की ओर से कई पर्यटकों ने मालदीव न जाने को लेकर अभियान चलाया था। जाहिर है, अगर तनाव का वह रास्ता आगे की ओर बढ़ता, तो मालदीव के सामने नई आर्थिक चुनौतियां खड़ी हो सकती थीं। चीन के बारे में अब सभी जानते हैं कि वह किसी देश की मदद के संदर्भ में भी सबसे पहले अपना हित ही सुनिश्चित करता है। उसकी नजर में हिंद महासागर में मालदीव शक्ति संतुलन में एक बड़ी भूमिका निभाता है। वहीं, चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए भारत के लिए वहां अपनी रणनीतिक मौजूदगी को कायम रखना बेहद अहम है। हालांकि भारत ने अपने परस्पर सहयोग और सद्भावना के स्वभाव को ही आगे रखा तथा यही कारण है कि भारत के रूख व भारत की उसके लिए अहमियत अब मालदीव के समझ में आ रही है।

**प्रत्येक मनुष्य को जीवन में केवल एक बार अपने भाग्य की परीक्षा का अवसर मिलता है, और वही भविष्य का निर्णय कर देता है।**

**- प्रेमचंद्र**

## आज का इतिहास

- 1932 - अमेरिका के लॉस एंजिल्स में दसवें आधुनिक ओलंपिक खेल की शुरुआत हुई।
- 1942 - जर्मन सेना ने बेलारूस के मिंस्क में 25000 यहूदियों की हत्या की।
- 1966 - आठवें फीफा विश्वकप में पश्चिम जर्मनी को हराकर इंग्लैंड ने पहली बार विश्व कप फुटबॉल जीता।
- 1980 - वनूआटो देश को स्वतंत्रता मिली।
- 1982 - सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- 2000 - संयुक्त राष्ट्र ने इजराइल द्वारा खाली किए क्षेत्रों में शांति सेना की तैनाती प्रारम्भ की।
- 2001 - श्रीलंका सरकार ने मुक्ति चीतों से प्रतिबंध हटाने से इन्कार किया।
- 2002 - कनाडा ने अलकायदा सहित 7 संगठनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया।
- 2004 - भारत और पाकिस्तान के बीच तुलबुल परियोजना पर बातचीत बिना किसी सहमति के समाप्त हो गयी।
- 2004 - पाकिस्तानी प्रधानमंत्री (मनोनीत) शौकत अजीत आत्मघाती हमले में बाल-बाल बचे।
- 2006 - हॉलीवुड अभिनेत्री पामेला एडरंसन ने गायक किड रॉक से विवाह किया।
- 2007 - चीनी वैज्ञानिकों ने झेंगझाऊ में लगभग 50 लाख साल पुरानी चट्टानों की खोज की।
- 2008 - नेपाल के कार्यवाहक प्रधानमंत्री गिरिजा प्रसाद कोइराला को कोलम्बो में आयोजित सार्क शिखर सम्मेलन में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने की अनुमति मिली।
- 2012 - उत्तरी ग्रिड में खराबी के कारण उत्तर भारत के कई राज्यों में बिजली गुल हो गई, जिससे 300 मिलियन से अधिक लोग प्रभावित हुए।

## निशाना

### हम भी करें प्रहार !



-कृष्णेन्द्र राय

दो हमको अधिकार।
लड़नी और लड़ाई ।।
करते आए, करना है।
आप की भलाई ।।
दे दो इतनी सीटें।
हम भी करें प्रहार ।।
और प्यार बरसा कर।
पहनाओ फिर हार ।।
डाल रहे वो बाधा।
करते जो भी काम ।।
वादा है निभाया।
किए जो तमाम ।।
ना रूकना है हमको।
यूं ही चलते जाना ।।
भले पूर्व में हमने।
है भरा हर्जाना ।।

# मालदीव में चीन को अलग-थलग कर पाएगा भारत?

■ समीर शेखर

मालदीव ने अपने 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है. पीएम मोदी का समारोह में शामिल होना दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण कूटनीतिक संबंध की मजबूती ओर इशारा करता है. साल 2018 और 2019 के बाद यह पीएम मोदी की तीसरी मालदीव यात्रा है. वहीं 2023 में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़्ज़ू के सत्ता संभालने के बाद किसी राष्ट्राध्यक्ष या सरकार के प्रमुख की यह पहली यात्रा है. संयोगवश, यह भारत-मालदीव राजनयिक संबंधों की भी 60वीं वर्षगांठ है. यह इस यात्रा को और भी अधिक प्रतीकात्मक बनाता है. प्रधानमंत्री की यह यात्रा दरअसल औपचारिक सद्भावना से ज्यादा रणनीतिक धैर्य, विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में कूटनीतिक और क्षेत्रीय दूरदर्शिता का सोचा समझा मिश्रण है.मोहम्मद मुइज़्ज़ू ने अपने चुनाव अभियान में 'इंडिया आउट' का नारा दिया था. पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने इस दिशा में आगे बढ़ते हुए भारत से मालदीव में मौजूद भारतीय सैन्य कर्मियों को हटाने को कहा. इससे संबंधों में अस्थायी तनाव पैदा हो गया था. हालांकि दक्षिण पूर्वी भू-राजनीतिक क्षेत्रों में अपनी स्थिति को बेहतर करने के प्रयास में प्रधानमंत्री मोदी ने मुइज़्ज़ू को उनकी चुनावी जीत पर बधाई दी थी. इससे मालदीव को यह संदेश दिया गया था कि राजनयिक विरोध के बावजूद भी भारत के रास्ते उनके लिए खुले हैं, जिससे इस परिवर्तनकारी यात्रा की नींव रखने में मदद मिली. नतीजतन प्रधानमंत्री की वर्तमान यात्रा के दौरान हुए बहुआयामी समझौते दोनों देशों के बीच संबंधों में मधुरता बहाल करने के प्रयास का संकेत देते हैं। मालदीव द्वारा चीन के साथ नजदीकियां बढाने के सभी प्रयास भू-राजनीतिक परिदृश्य में जगजाहिर हैं. मालदीव द्वारा बीजिंग बेल्ट एंड रोड इंफ्रास्ट्रक्चर फंडिंग हासिल करना और जनवरी 2025 में चीन-मालदीव मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करना इसके प्रमाण हैं. दूसरी तरफ, जब भारत और मालदीव के बीच संबंध पिछले कुछ समय से मधुर नहीं रहे हैं, ऐसे में मालदीव के स्वतंत्रता दिवस में प्रधानमंत्री मोदी का मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना एक नए राजनयिक संबंध की स्थापना के प्रयास को दर्शाता है. यही नहीं यह यात्रा भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति के प्रति प्रतिबद्धता की तरफ भी इशारा करती है. इस यात्रा को भू-राजनीतिक गतिशीलता के बीच समुद्री क्षेत्रों में चीन की बढ़ती गतिविधियों के मद्देनज़र भारत के विजन सागर/महासागर के समुद्री रणनीति के अनुरूप हिंद महासागर में अपने प्रभाव को बढाने के एक अवसर के रूप में भी देखा जा सकता है. इससे भारत के लिए बहुत हद तक क्षेत्रीय सुरक्षा के साथ-साथ आर्थिक मजबूती सुनिश्चित करना संभव हो सकेगा.वहीं मालदीव द्वारा भारत के साथ संबंधों को सुधारने की दिशा में यह प्रयास इसलिए भी माना जा सकता है क्योंकि चीन के साथ मुइज़्ज़ू के कूटनीतिक कोशिशों के बावजूद मालदीव को खाड़ी व चीनी कर्ज दाताओं की रकम को चुकता करने के संबंध में कोई खास मदद नहीं मिली है. इस वजह से मालदीव का



विदेशी मुद्रा भंडार कम होता गया और कर्ज बढ़ने से आर्थिक संकट गहराता चला गया. ऐसे में भारत ने 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर और तीन हजार करोड़ भारतीय रुपये की मुद्रा विनिमय, ट्रेजरी-बिल रोलओवर और 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक की क्रेडिट लाइन के माध्यम से मालदीव को संप्रभु ऋण के दीवालिएपन से बचा लिया था. 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति के तहत प्रधानमंत्री मोदी के इसी बचाव कार्य के परिणामस्वरूप मालदीव द्वारा राजनीतिक गतिरोध में बदलाव एवं कूटनीतिक मेल-मिलाप की तरफ कदम बढाए जाने लगे.प्रधानमंत्री के वर्तमान मालदीव यात्रा के पहले दिन कई प्रमुख मुद्दों को केंद्र में रखते हुए समझौतों पर दोनों राष्ट्र प्रमुखों द्वारा हस्ताक्षर किए गए. इनमें सॉफ्ट पावर डिप्लोमेसी- ऋण, सांस्कृतिक संपर्क, डिजिटल वित्तीय एकीकरण, बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) और जलवायु सुरक्षा के लिए भारत द्वारा मालदीव को 4,850 करोड़ की नई ऋण सहायता प्रदान करना तय हुआ. इसके साथ ही हिंद महासागर क्षेत्र में व्यापार, निवेश और व्यावसायिक संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और निवेश संधि पर वार्ता की औपचारिक शुरुआत भी हुई. इसका क्रियान्वयन भारत और मालदीव दोनों ही देशों की स्थिति को और मजबूत करेगा. समझौते के तहत पर्यटन, मछली पालन, समुद्री अर्थव्यवस्था (ब्लू इकॉनमी), नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवाएं, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर (जैसे, PI/RuPa4 कनेक्टिविटी) को बढ़ावा देने के अलावे मालदीव के अड्डू में भारतीय वाणिज्य दूतावास की स्थापना और बेंगलुरु में मालदीव का वाणिज्य दूतावास स्थापित करना शामिल है. वहीं मालदीव के हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उन्नयन में भारत आर्थिक मदद करेगा. यह दक्षिण भारत के लिए रणनीतिक रूप से फायदेमंद होगा. इसके अलावा ग्रेटर माले कनेक्टिविटी परियोजना का निरंतर कार्यान्वयन में भी भारत के सहयोग को सुनिश्चित किया गया. यह परियोजना पुलों के जरिए मालदीव के आसपास के द्वीपों से जोड़ेगी.25 जुलाई को हुई द्विपक्षीय वार्ता में पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू ने 'व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी' को आधार के संदर्भ में लिया, जो अक्टूबर 2024 में मुइज़्ज़ू की भारत यात्रा के दौरान की गई थी.

हाल के वर्षों में मालदीव ने चीन के साथ अपने संबंधों को मज़बूत किया है, खासकर बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई)के तहत तहत कई बुनियादी ढांचे और समुद्री अर्थव्यवस्था जैसे समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं. दोनों देशों ने अपने संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक सहयोगात्मक साझेदारी तक बढ़ाया है. इसमें प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाएं और डिजिटल अर्थव्यवस्था के प्रयास शामिल हैं. यही नहीं, चीन ने दक्षिणी एशिया में अपने प्रभुत्व को कायम करने के उद्देश्य से मालदीव में निगरानी और अनुसंधान उपकरण भी तैनात किए हैं. इन सबके बीच प्रधानमंत्री मोदी की यह मालदीव यात्रा रणनीतिक रूप से समयबद्ध है. यह यात्रा मालदीव में चीन के बढ़ते प्रभाव को कम करने में बहुत हद तक सहायक होगी. विकास के लिए कर्ज, व्यापार वार्ता और समुद्री सहयोग प्रधानमंत्री की यात्रा में शामिल मुख्य विषय थे. यह यात्रा भारत की क्षेत्रीय श्रेष्ठता को फिर से स्थापित करने की दिशा में एक अच्छी रणनीति साबित होगी. मालदीव का पुनर्संतुलन का प्रयास और चीन से निकटता के बावजूद अपेक्षित सहायता न मिल पाना दर्शाता है कि जमीनी कूटनीतिक जुड़ाव और व्यावहारिक राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए अन्य देशों से निकटता स्थापित करना बेहद जरूरी है. मालदीव का चीन के साथ लगातार संपर्क में होने के बीच प्रधानमंत्री मोदी को स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बनाकर आमंत्रित करना मालदीव की एक संतुलित दृष्टिकोण का संकेत देता है. इसमें वह दोनों पड़ोसी देशों के साथ मज़बूत संबंध बनाए रखने का प्रयास कर रहा है.भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है. वह चीन को अपने सबसे बड़ी एशियाई प्रतिद्वंदी के रूप में देख रहा है, इसीलिए यह यात्रा औपचारिकता से आगे बढ़कर, टकरावपूर्ण व प्रतिक्रियात्मक रणनीति के विपरीत, रणनीतिक आर्थिक और सुरक्षा सहायता के साथ शांत और सतत संबंध बहाल करने के कूटनीतिक दर्शन पर जोर देती है. रणनीतिक रूप से, प्रधानमंत्री की यह यात्रा दक्षिण-पूर्वी एशिया और हिंद महासागर में प्रोजक्ट मौसम जैसे सुरक्षा ढांचे और कनेक्टिविटी परियोजनाओं के माध्यम से मजबूत करने की दिशा में स्वागत योग्य कदम है. यह भारत को चीन के समुद्री सिल्क रोड (BRI परियोजना) को टक्कर देने में सक्षम होगा. प्रधानमंत्री की यह यात्रा और दोनों राष्ट्र प्रमुख के बीच हुए समझौते भारत-मालदीव संबंधों की दृढ़ता और अनुकूलनशीलता का प्रमाण है. यह अपने पड़ोसियों के साथ संबंधों को मज़बूत करने और क्षेत्रीय स्थिरता एवं विकास में एक प्रमुख भूमिका निभाने में भारत के सक्रिय दृष्टिकोण को दर्शाता है. जैसे-जैसे दोनों देश इस नई साझेदारी की ओर बढ़ रहे हैं, भारत-मालदीव संबंधों का भविष्य आशाजनक दिखाई दे रहा है, जिसके मूल में दोनों ही देशों का परस्पर विकास निहित है।

**(साभार: यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# संघर्ष की डगर पर डर और शर्म की टूटती बाधाएं

■ ज्योति मल्होत्रा

इस महीने चार दृश्य ऐसे रहे जो भारत में महिला और फीमेल सेक्सुअलिटी की दशा को परिभाषित करते हैं। पहला, ओडिशा के बालासोर में एक युवा कॉलेज छात्रा ने आत्महत्या कर ली, वह अपने प्रोफेसर द्वारा 'संबंध' बनाने के दबावों का विरोध कर रही थी। दूसरा, वायरल हुई एक वीडियो में एक ट्रक पर भगवा लहंगा-चोली पहनकर नाचती दो महिलाओं द्वारा कांवड़ियों का मनोरंजन करने वाला दृश्य, जो बॉलीवुड की वास्तविक जीवन में नकल का बिल्कुल सही उदाहरण है। तीसरी, सेंसर बोर्ड द्वारा सुपरमैन और उसकी प्रेमिका लोइस लेन के बीच 33 सेकंड लंबे चुंबन दृश्य को काट देना, क्योंकि उसे लगता है कि यह भारतीय दर्शकों के लिहाज से 'अत्यधिक कामुक' है। और चौथा दृश्य रहा, हरियाणा भाजपा नेता और राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के बेटे विकास को सहायक महाधिवक्ता नियुक्त किया जाना, इस तथ्य के बावजूद कि उस पर 2017 में, चंडीगढ़ में, एक युवती वर्णिका कुंडू का पीछा करने और अपहरण के प्रयास का आरोप है। तब वह पांच महीने जेल में भी रहा था। यह आपराधिक मामला है। आठ साल हो गए, लेकिन मुकदमा अभी भी चला ही जा रहा। शायद चंडीगढ़ में न्याय का पहिया बहुत धीरे घूमता है।

शायद हरियाणा के बारे में कुछ है। साथ ही, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, दिल्ली और देश के बाकी हिस्सों में भी, जहां महिलाओं के खिलाफ यौन अपराध हर साल बढ़ रहे हैं। हम में से जिनकी याद्दाश्त ठीक है, उन्हें दिसंबर 2012 में दिल्ली में एक लड़की के साथ हुआ सामूहिक बलात्कार याद होगा, जिसे हम 'निर्भया' के नाम से जानते हैं - हालांकि असली नाम कुछ ओर था - एक ऐसी लड़की जो आलोक और साहस दोनों से परिपूर्ण थी - यह घटना उस लड़ाई में महत्वपूर्ण मोड़ रही, जो भारत की बेटियां दशकों से समानता के लिए लड़ती आई हैं। प्रधानमंत्री मोदी को उस समय भान था कि दिल्ली गैंगरेप कांड कांग्रेस को 2014 के आम चुनाव में देशभर में और फिर अगले साल दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली हार का बड़ा कारण रहा। तभी मोदी ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का ऐसा नारा दिया, जो पूरे देश में गूंज उठा। उन्होंने महिलाओं को सरकारी योजनाओं के पहले लाभार्थियों के रूप में, सबसे आगे रखा, उन्हें एक वोट बैंक और यहां तक कि कोटा में तब्दील कर दिया - भविष्य में किसी समय 33 प्रतिशत महिला सांसद चुने जाने की उम्मीद है, हालांकि यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं कि कब। फिर भी, यह एक प्रण है और कोई भी इससे पीछे नहीं हट सकता।

प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के तीसरे कार्यकाल में, महिलाओं की लड़ाई अभी भी हर दिन जारी है। साल 2012 में, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार उस साल 25000 बलात्कार के मामले दर्ज हुए थे। वहीं 2016 में 36000 संख्या के साथ मामले चरम पर थे। साल 2022 में, जिस बार के आंकड़े अंतिम बार उपलब्ध हैं, बलात्कार के 31000 केस दर्ज थे। 2018 में, वर्णिका कुंडू द्वारा चंडीगढ़ के एक थाने में विकास बराला के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाने के



एक साल बाद, हर 15 मिनट में एक बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज हुई। आंकड़ों में राजनेताओं द्वारा खुद को दोष-मुक्त रखना भी अंतर्निहित है। यौन उत्पीड़न या यौन उत्पीड़न के प्रयास के आरोपियों की सूची में विकास बराला का नाम नवीनतम है। अब तक की इस सूची में पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह, कांग्रेस विधायक विनय कुलकर्णी, फिलहाल निलंबित पूर्व जनता दल-एस सांसद प्रज्वल रेवन्ना, पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सेंगर व कई अन्य नाम शामिल हैं। जिस एक कारण से शायद राजनेताओं को लगता है कि वे बच निकलेंगे, वह है कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम का पंजीकृत राजनीतिक दलों पर लागू नहीं होना - बीते शुक्रवार ही सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है, जिसमें कहा गया कि इनपर भी यह कानून समान रूप से लागू होना चाहिए

और फिर, सामाजिक परिदृश्य में 2012 के दिल्ली गैंगरेप कांड के बाद, काम अभी भी अधूरा है - इस माह की शुरुआत में बालासोर में छात्रा की आत्महत्या से हुई बेहद दुखद मौत, जब वह अपने प्रिंसिपल को कथित छेड़छाड़ से निजात दिलाने की गुहार लगाती रही - लेकिन उसने कुछ नहीं किया - इसके बाद अब विकास बराला की नियुक्ति पर वर्णिका कुंडू का साहसिक ब्यान आया है।

वर्णिका ने एक अखबार को बताया : 'किसी को सार्वजनिक पद पर नियुक्त करना महज एक राजनीतिक निर्णय नहीं - यह मूल्यों और मानकों का प्रतिबिंब है, मैं न्याय पाने के लिए लड़ने को तैयार हूं। किसी को तो उन मूक महिलाओं के लिए खड़ा होना ही होगा, जिनके पास कोई ताकत नहीं है'।

वर्णिका की कहानी को संक्षेप में बताएं तो, अगस्त 2017 की एक रात वह घर लौट रही थी और उसने पाया कि एक कार, जिसमें दो व्यक्ति विकास बराला और उसका दोस्त आशीष सवार थे, उसका पीछा कर रही है। उनकी हरकतों ने उसे गली में जाने को मजबूर किया, जहां पर उसका रास्ता रोकने की कोशिश की गई। उन्होंने उसको पकड़कर गाड़ी में डालने की कोशिश की। तब उसने उनके खिलाफ नजदीकी पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया था।

अगले महीने यानी अगस्त की शुरुआत में आठ साल पूरे हो जाएंगे। अब तक 102 सुनवाइयां हो चुकी हैं। मामला अभी किसी नतीजे पर पहुंचने के करीब नहीं लगता, लेकिन जिस तरह से सरकार ने आरोपी को एक प्रतिष्ठित पद पर नियुक्त किया है, उससे किसी को भी हैरानी होगी कि क्या न्याय वाकई अंधा है!

निश्चित रूप से, यह लड़ाई नियंत्रित करने और सहमति के बीच है। आप किसी दूसरे व्यक्ति पर उसकी मर्जी के बिना अपनी शक्ति का इस्तेमाल किस हद तक सकते हैं? निश्चित रूप से, अगर बीते हफ्ते की शुरुआत में जब कांवड़ियों के साथ चल रहे एक ट्रक पर छोटे-छोटे भगवा वस्त्र पहने दो महिलाएं वहां मौजूद पुरुषों के मनोरंजन के लिए नाच रही थीं, चूंकि वे ऐसा करना चाहती थीं, तो किसी और को उन्हें यह कहने का अधिकार नहीं है कि उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए या उन्हें किस तरह के कपड़े पहनने चाहिए। अगर आपको लगता है कि यह आपके लिए पर्याप्त रूप से संस्कारी नहीं है, तो यह आपकी समस्या है।

इसलिए जब वर्णिका, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट जैसी महिलाएं लंबी लड़ाई के लिए तैयार हैं, तो असल में वे डर-झिझक की बाधाओं को तोड़ रही हैं। उन्हें अच्छी तरह मालूम है कि यह लड़ाई लंबी खिंचेगी। लेकिन उनके आत्मविश्वास का मंत्र यह है कि 'लोग क्या कहेंगे', अब बीते कल की बात है - यूं भी, कुछ न कुछ तो लोग कहेंगे - अपनी सरलता लिए यह साहस बहुत अद्भुत है।

जहां तक सेंसर बोर्ड द्वारा सुपरमैन के चुंबन दृश्य को काटने की बात है, तो शायद बोर्ड के सदस्यों को पूर्ण सरकारी खर्च पर खजुराहो या कोणार्क मंदिरों की यात्रा पर भेजा जाना चाहिए - दोनों ही भाजपा शासित राज्यों में स्थित हैं - ताकि वे खुद देख सकें कि हमारे प्राचीन हिंदू राजा-रानियों का जीवन के इस जीवंत पहलू के बारे में बर्ताव कैसा था।

**(साभार: यह लेखिका के अपने विचार हैं)**

### छह जिलों में अति भारी बारिश का अलर्ट, गुना में सेना का बचाव अभियान जारी

# आसमान से बरस रही आफत से कई जिलों में रास्ते बंद, फसलों के बर्बाद होने की आशंका

दोपहर मेट्रो न्यूज नेटवर्क

प्रदेश में रूक-रूक कर भारी बारिश का सिलसिला जारी है। कई जिलों में मूसलाधार बारिश हो रही है। इस आसमानी आफत के चलते कई जिलों में बाढ़ जैसे हालत हैं। नदी नाले उफान पर होने की वजह से कई रास्ते बंद हो गई हैं। आज कई जिलों में स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई है। प्रदेश में में अगले दो दिन भारी बारिश होने की संभावना है। जिसको लेकर मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग ने 6 जिलों नीमच, मंदसौर, श्योपुर, गुना, आगर-मालवा और राजगढ़ में अति भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। इन जिलों में अगले 24 घंटे में साढ़े 8 इंच तक पानी गिर सकता है। वहीं, विदिशा, सीहोर, शाजापुर, उज्जैन, रतलाम, मुरैना, शिवपुरी, अशोकनगर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में भारी बारिश का अलर्ट है। 24 घंटे में यहां साढ़े 4 इंच तक बारिश होने की संभावना है।

गुना में 24 घंटे में 12.92 इंच बारिश हो गई। यहां कलोरा बांध की वेस्ट बीयर 15 फीट तक टूट गई है। पूरा डैम टूटने की आशंका है। इससे आसपास के गांवों के जलमग्न होने का खतरा बना हुआ है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर एनडीआरएफ और सेना को बुला लिया है। विदिशा में बेतवा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। नदी किनारे मंदिर आधे डूब गए हैं। भोपाल, नर्मदापुरम और अशोकनगर में लगातार बारिश के चलते स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी गई है। अशोकनगर, श्योपुर, विदिशा समेत कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात रहे। कई रास्ते भी बंद हो गए। रायसेन में 9 घंटे में ही 4.5 इंच पानी बरस गया। नरसिंहपुर-सागर में 1.2 इंच, नर्मदापुरम, धार, ग्वालियर और पचमढ़ी में 1 इंच के करीब बारिश हुई। वहीं, उज्जैन-श्योपुर में पौन इंच और इंदौर, शिवपुरी-जबलपुर में आधा इंच पानी गिरा। इसके अलावा बैतूल, खंडवा, रतलाम, शाजापुर, छिंदवाड़ा, दमोह, मंडला, रीवा, बालाघाट, राजगढ़, विदिशा, खंडवा, अशोकनगर, दमोह, गुना, सीहोर, मुरैना, देवास, आगर-मालवा समेत कई जिलों में बारिश हुई। सीहोर जिले के बुधनी के ग्राम नादनेर में नर्मदा नदी उफान पर है। घाट डूब गया है। नादनेर और माखन नगर को जोड़ने वाले पुल के ऊपर पानी आ गया है। इसी तरह विदिशा में बेतवा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। शिवपुरी, अशोकनगर, मुरैना, श्योपुर, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में बारिश का कोटा पूरा हो गया है।


दमोह जिले के तेंदूखेड़ा से सटे गांवों में नाव चलाकर लोगों को रेस्क्यू करती टीम।

### रायसेन में बाढ़ के पानी निकलने की मशक्कत



### निरंतर बारिश से बढ़ा नर्मदा का जलस्तर



**नर्मदापुरम.** जिले में निरंतर हो रही बारिश के कारण नर्मदा नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। तवा बांध के गेट खुलने से भी नर्मदा के जल स्तर में वृद्धि हुई है। मंगलवार शाम तक नर्मदा का जलस्तर 954 फीट पर पहुंच गया था। 964 फुट खतरे का निशान माना जाता है। इस लिहाज से पानी अभी खतरे के निशान से नीचे है। जिला प्रशासन ने बाढ़ से निपटने के तमाम प्रबंध कर रखे हैं। बाढ़ के प्रकोप से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। अधिकारी गण भी बाढ़ की स्थिति पर नियंत्रण को लेकर सतर्क है।

### गुना जिले में फूटे कलोरा बांध से बढ़ा खतरा



### तेंदूखेड़ा के गांवों में चलानी पड़ी नाव, रेस्क्यू टीम लोगों को बचाने में जुटी रही

तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण तेन्दूखेड़ा ब्लॉक में नदी उफान पर आ गई। नदी किनारे बसे अनेक गावों में 5से 7फिट तक पानी भर गर गया है। यह नदी तेन्दूखेड़ा ब्लॉक के वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व से होकर बहती है। बाढ़ के कारण सैकड़ों एकड क्षेत्र में फसल प्रभावित हुई है। अनेक गावों में पुल डूब जाने के कारण नगर से सम्पर्क टूट गया है। । सुबह 6 बजे से झापन नदी के पुल पर लगभग 20 फिट पानी होने के कारण जबलपुर- सागर मार्ग बंद रहा। बताया जा रहा है कि 12 वर्ष पहले 2013 में ये पुल डूबा था लेकिन इस बार पल पर पहले से अधिक पानी है।भारी बरसात के कारण व्यारमा नदी में उफान आने के कारण देवरी महाराजपुर तारादेही मार्ग भी पूरी तरह बंद हो गया। इसके अलावा तारादेही क्षेत्र के जैतगढ पौड़ी, सारसबगली, खमरियां शिवलाल, खमतरा, बम्होरी माल बिलतरा, केवलारी बमनौदा, मुलरा बरपटा व्यारमा नदी की चपेट में आ गए एवं झमरा के सर्रा ग्राम में लगभग 3 से 5 फिट तक पानी भर गया। एसडीएम सौरभ गंधर्व और एसडीओपी डीएस ठाकुर, के साथ अन्य अधिकारी मौके पर पहुँच गए थे।

### बाढ़ में फंसी प्रसूता को बमुश्किल पहुंचाया अस्पताल, दिया स्वस्थ बच्ची को जन्म




ग्राम पंचायत बम्होरी माल में गर्भवती महिला विनीता रैकवार को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल ले पाना था लेकिन गांव में चारों तरफ पानी ही पानी था पुल टूट गया था। ग्राम पंचायत सरपंच और रोजगार सहायक की मदद से पहले महिला को ऑटोरिक्शा से पुल तक लाया गया। इसके बाद लोगो ने महिला को हाथों पर उठाकर बमुश्किल टूटा पुल पार कराया गया। वहां कड़ी एम्बुलेंस से महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा भेजा गया। वहां विनीता स्वस्थ्य बच्ची को जन्म दिया।

# स्कूल की जर्जर दीवार गिरी, बड़ा हादसा टला

सिवनी मालवा। दोपहर मेट्रो

क्षेत्र के ग्राम झकलाए स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। विद्यालय परिसर की एक बड़ी दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई बच्चा मौजूद नहीं था, अन्यथा जानमाल की बड़ी क्षति हो सकती थी। मौके से मिली तस्वीरों में देखा जा सकता है कि दीवार पूरी तरह चटक चुकी थी और उसमें गहरी दरारें व टूट-फूट के निशान थे। इससे साफ जाहिर होता है कि विद्यालय भवन लंबे समय से जर्जर स्थिति में है। स्कूल के एक कमरे की छत से भी लगातार पानी टपक रहा है, जिससे न केवल पढ़ाई बाधित हो रही है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा पर भी बड़ा खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों और बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि विद्यालय की खराब हालत को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।



### त्वरित कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय भवन की तत्काल जांच कर मरम्मत की जाए या फिर बच्चों को किसी सुरक्षित स्थान पर अस्थायी रूप से स्थानांतरित किया जाए। लोगों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

### बीआरसी ने किया मौके का निरीक्षण

घटना की जानकारी मिलते ही विकास खंड स्त्रोत समन्वयक संगीता यादव मौके पर पहुंचीं और विद्यालय भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों से भवन की स्थिति के बारे में जानकारी ली। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि छत से लगातार पानी चू रहा है, जिससे बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। संगीता यादव ने कहा कि वे पूरे मामले की जानकारी शासन को देंगी और जैसे ही फंड उपलब्ध होगा, भवन की मरम्मत का कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा।

## प्रदेश की अमरनाथ कही जाने वाली नागद्वारी यात्रा का समापन

नर्मदापुरम। दस दिन तक चली वाली नागद्वारी तीर्थ यात्रा का समापन हो गया। अब अगले वर्ष नाग पंचमी के पूर्व 10 दिवसों के लिए सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को खोला जाएगा। लगभग 6 लाख से अधिक श्रद्धालु 10 दिन चली। इस अलौकिक यात्रा के साक्षी बने। दुर्गम रास्तों को पार करने के बाद सभी श्रद्धालुओं ने नागद्वारी दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूर्व वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अधिक संख्या में श्रद्धालु पचमढ़ी पहुंचे एवं अपने आराध्य नाग देवता के दर्शन करने के लिए 20 किलोमीटर लंबी कठिन यात्रा पूरी की। नागद्वारी मेला पचमढ़ी 2025 इस वर्ष ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर केंद्रित रहा जिसमें प्रत्येक सेक्टर पॉइंट पर सफाई मित्रों ने पूरी तत्परता से काम करने के दौरान कचरे के निष्पादन के लिए कचरे का एकत्रीकरण कर मेले को स्वच्छ बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संपूर्ण नागद्वारी मेले के दौरान इस वर्ष लगभग 3 टन कचरे का निष्पादन किया गया। इस वर्ष नागद्वारी मेले में राजस्व विभाग से 50, होमगार्ड एवं एसडीआरएफ के 87 जवानों की टीम, स्वास्थ्य विभाग के लगभग 50 कार्यकर्ता तैनात रहे।

**मेट्रो एंकर**

### भोपाल-जबलपुर हाइवे का मामला, गड्ढों ने बढ़ाई परेशानी, आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

# जबलपुर रोड पर विनेका तक राहगीरों की जान से खिलवाड़

अमित श्रीवास्तव। औबेदुल्लागंज

नेशनल हाईवे 45 भोपाल जबलपुर रोड गड्ढों को लेकर सुर्खियों में है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति मिसरोद से विनेका तक बनी 49 किलोमीटर रोड की है। इस सड़क की जर्जर हालत के कारण अब लोगों की जान पर बन आई है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढों के कारण रोज़ कोई न कोई वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहा है। खासकर बारिश के मौसम में इन गड्ढों में पानी भर जाने से खतरा और भी बढ़ गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले एक सप्ताह में ही पाँच से अधिक बाइक सवार इन गड्ढों की वजह से चोटिल हो चुके हैं। एक हालिया घटना में औबेदुल्लागंज निवासी संदीप पंचोली की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। राहगीरों का कहना है कि सड़क निर्माण एजेंसी को कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। परेशान नागरिकों ने प्रशासन से



अपील की है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि और लोगों को चोट न पहुँचे। स्थानीय निवासी और मध्यप्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व प्रदेश मन्त्री रामकिशोर नंदवंशी का कहना है कि रात करीब 10.30 वो यहाँ से गुजर रहे थे कि तभी मऊगंज जा रहे दो बाइक सवार फिसल कर घायल हो गए। उनको रोड से उठाकर व्यवस्थित आगे जाने के लिए सहायता की जिसके बाद एमपीआरडीसी की डिविजनल मैनेजर सोनल सिंह से बात कर पूरी घटना से अवगत कराया। सड़क के गड्ढों को भरने और मरम्मत कार्य जल्द शुरू करने की बात कहीं। वहीं स्थानीय पत्रकार उपेन्द्र मालवीय का कहना हैं कि शिकायत के बाद मरम्मत कार्य करने की बात करते हैं पर शुरू कब किया जाएगा इसकी स्पष्ट तारीख अब तक नहीं दी गई है।



"हम अपने भाई की मृत्यु की सूचना मिलने के बाद भोपाल से मऊगंज जा रहे थे कि अचानक फ्लाई ओवर पर गड्ढे में हमारे दो साथी बाईक से फिसल कर घायल हो गए हैं मेरी प्रशासन से अपील है जल्द से जल्द इन गड्ढों को भरवाया जाए जिससे लोग दुर्घटनाग्रस्त ना हो।"
-**विजय तिवारी** निवासी मऊगंज

## भगवान शिव का श्रृंगार कर चौरसिया समाज ने मनाया नागपंचमी का पर्व



**गंजबासौदा।** चौरसिया समाज ने नागपंचमी का पर्व लालपठार स्थित देसाई गार्डन में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। चौरसिया समाज के संतोष चौरसिया (आर्मी), डॉक्टर रमाकांत चौरसिया, संतोष चौरसिया शिक्षक, कृष्ण गोपाल चौरसिया द्वारा पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर, अभिषेक, हवन पूजन, भगवान शिव का श्रृंगार कर, पूजा अर्चन कर, महाआरती की गई। समाज की दीपिका चौरसिया, मोहिनी चौरसिया, पलक चौरसिया, शिवानी और अनामिका चौरसिया द्वारा भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया गया। उपस्थित समाज महिलाओं ने भगवान शिव की स्तुति और मंगल भजन गाकर, धर्म लाभ लिया। पंडित अनिल भार्गव एवं सौरभ भार्गव ने पूरे विधि विधान और मंत्रों के साथ शिवलिंग निर्माण, अभिषेक, हवन पूजन और महाआरती सम्पन्न कराई गई। उक्त कार्यक्रम में प्रकाश, महेश, विष्णु, उमेश, धर्मेंद्र, देवेंद्र, प्रमोद, महेंद्र, अंकित चौरसिया का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर नगर के चौरसिया समाज के सभी स्वजाति बंधुओं ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान शिव की पूजा की।

## अल्पसंख्यक मोर्चा ने मुस्लिम समुदाय के लिऐ मांगा शादी हाल मंगल भवन



**गंजबासौदा।** भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष समीर किरमानी ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक पत्र देकर गंजबासौदा में मुस्लिम समाज के लिऐ शादी हाल मंगल भवन की माग की है। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने उनको शीघ्र ही शादी हाल स्वीकृत करने का आश्वासन दिया।

## रजत जयंती पर स्वैच्छिक रक्तदान और जन जागरण रैली का होगा आयोजन



**गंजबासौदा।** डॉल्फिन स्कूल परिसर में रक्त सेवा समिति की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, समाजसेवी एवं विद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ सामूहिक बैठक में योजना बनाई गई। जिसमें निश्चित किया गया कि रक्त सेवा समिति का रजत जयंती वर्ष 12 अगस्त से प्रारंभ हो रहा है। इस उपलक्ष में 12 अगस्त से वर्ष भर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। एवं सभी संस्थाओं का सक्रिय सहयोग और सहभागिता हो यह अपील की गई। संस्थापक राजेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी ने इस बैठक में सुझाव दिए और जन जागृति के इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## नपा कर्मचारियों के लिए कार्यालय में लगा शिविर, 121 ने कराई जांच

**इटारसी।** नगर पालिका परिषद के सभागार में मंगलवार को एएसजी नेत्र चिकित्सालय भोपाल के तत्वावधान में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन नगर पालिका कर्मचारियों के लिए किया गया। शिविर में 121 कर्मचारियों ने अपनी नेत्र ज्योति की जांच करायी। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे और मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती ऋतु मेहरा ने भी शिविर में पहुंचकर अपनी आंखों की जांच करायी। अस्पताल के मैनेजर दीपक चौरे ने बताया कि शिविर में 121 लोगों ने जांच करायी। इन कर्मचारियों में से 21 को मोतियाबिन्द की शिकायत बताई गई। 3 कर्मचारियों में तिरछापन, 2 में नासूर की शिकायत मिली। इनका निराकरण करने सभी को जरूरी परामर्श प्रदान किया। इस अवसर पर अस्पताल के मैनेजर एवं पीआरओ दीपक कुमार चौरे, ऑप्टोमेटरिक्स अंकुश, सन्नी का सहयोग रहा।

## अधिवक्ता संघ ने दी जिला प्रधान न्यायाधीश को भावभीनी विदाई



**नर्मदापुरम।** जिला अधिवक्ता संघ सभागार में प्रधान जिला एवं सेंशन न्यायाधीश रामकुमार चौबे का विदाई समारोह आयोजित किया गया। प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश रामकुमार चौबे की पदस्थी उच्च न्यायालय में हुई है। कार्यक्रम में जिला न्यायालय के न्यायाधीश के अलावा जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष दीपक जैन, सचिव मनोज जराठे, कार्यकारिणी सदस्य सौरभ तिवारी, अभिषेक दीक्षित, दीपक सोन और वरिष्ठ अधिवक्ता एस एस ठाकुर, अजित रघुवंशी, केके जराठे, आदि मौजूद रहे। इस दौरान श्री चौबे ने कार्यकाल के अनुभव सांझा किए।

## गौवंश के अवैध परिवहन में प्रयुक्त किए गए वाहन को किया राजसात

**नर्मदापुरम.** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सोनिया मीना के द्वारा म0प्र0गौवंश वध प्रतिशेध (संशोधन) अधिनियम 2004 की धारा 11 (5) में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत थाना पिपरिया में पंजीबद्ध अपराध में कार्यवाही करतें हुए गौवंशों के अवैध परिवहन में प्रयुक्त्त वाहन को शासन पक्ष में अधिहरण/राजसात किये जानें के आदेश पारित किये गये हैं। उल्लेखनीय है कि थाना पिपरिया अंतर्गत अनावेदक राजाराम कहार पिता प्यारेलाल कहार निवासी भानपुर तहसील सोहागपुर के वाहन बोलेरो पिकअप कमांक एम.पी. 05 जी 8149 में 04 गौवंशों के अवैध परिवहन में लिप्त होने के कारण कलेक्टर न्यायालय में पंजीबद्ध प्रकरण में पारित आदेश के अनुसार मप्र गौवंश वध प्रतिशेध (संशोधन) अधिनियम 2004 की धारा 11 (5) में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत शासन पक्ष में अधिहरण / राजसात किये जानें के आदेश पारित किये गये।

### सागर संभाग की मातृ और शिशु मृत्यु दर प्रदेश में सबसे ज्यादा

# स्वास्थ्य गतिविधियों में लापरवाही करने वाले सीएमएचओ सहित 12 बीएमओ को दिए नोटिस

## हालात नहीं सुधरे तो कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी

**सागर दोपहर मेट्रो**

संभाग की मातृ मृत्युदर और शिशु मृत्यु दर मप्र में सबसे ज्यादा है। संभाग में स्वास्थ्य गतिविधियां भी संतोषजनक नहीं हैं। यह खुलासा बीते दिनों कमिश्नर अनिल सुचारी की अध्यक्षता में की गई संभागीय समीक्षा में हुआ है। इसको लेकर क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ. नीना गिडियन ने टीकमगढ़ के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसआर रोशन सहित संभाग के 12 बीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। उन्होंने संभाग की मातृ मृत्युदर और शिशु मृत्यु दर कम करने की चेतावनी भी दी है और कहा है कि इसमें कमी नहीं आई तो संबंधितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिन्हें नोटिस दिए गए हैं उनमें डॉ. एसआर रोशन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टीकमगढ़, डॉ. अभिषेक सिंह सोलंकी, खंडचिकित्सा अधिकारी बल्देवगढ़ टीकमगढ़, डॉ. संजय अहिरवार, खंड चिकित्सा अधिकारी जतारा टीकमगढ़, डॉ. अजय गुप्ता, खंड चिकित्सा अधिकारी पलेरा टीकमगढ़, डॉ. सर्वेश लोधी, खंड चिकित्सा अधिकारी शाहनगर पन्ना, डॉ. आशीष तिवारी, खंड चिकित्सा अधिकारी अमानगंज पन्ना, डॉ. राकेश शुक्ला, खंड चिकित्सा अधिकारी बड़ामलहरा छतरपुर, डॉ. लखन सिंग, खंड चिकित्सा अधिकारी गौरीहार छतरपुर, डॉ. अशोक बरोनिया, खंड चिकित्सा अधिकारी तेंदूखेड़ा दमोह, डॉ. डीके राय, खंड चिकित्सा अधिकारी जबेरा दमोह, डॉ. सुनील जैन, खंड चिकित्सा अधिकारी शाहपुर सागर, डॉ. शशिकांत मनकेले, खंड चिकित्सा अधिकारी शाहगढ़ सागर व डॉ. व्रिकांत गुप्ता, खंड चिकित्सा अधिकारी मालथौन सागर शामिल हैं।


फाइल फोटो

### यह रहे कारण

एएनसी पंजीयन पिछले साल की तुलना में 3730 कम पाया गया। अर्ली रजिस्ट्रेशन पिछले साल 77 प्रतिशत की तुलना में कम होकर 70 हुआ। बर्थ वेटिंग रूम का क्रियान्वयन नहीं किया गया। अप्रैल से जुलाई तक मात्र 8 मरीज ही भर्ती हुए और मात्र 60 प्रतिशत मातृ मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिले में किसी भी विकासखंड में एनबीएसयू की स्थिति अच्छी नहीं पाई गई। टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत समस्त पैरामीटर में सारे विकासखंड की स्थिति काफी दयनीय पाई गई। एनीमिया स्क्रीनिंग भी संपूर्ण जिले में 6 प्रतिशत से अधिक नहीं पाया गया। 60 प्रतिशत मातृ मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा की गई।

## रीवा पीडब्ल्यूडी में बड़े पैमाने पर आर्थिक गड़बड़ी का आरोप

**रीवा। दोपहर मेट्रो**

लोक निर्माण विभाग (विद्युत यांत्रिकी) रीवा में बड़े पैमाने पर आर्थिक अनियमितता का मामला सामने आया है। इस संबंध में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) में शिकायत दर्ज कराई गई है और संबंधित दस्तावेज भी सौंपे गए हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विभाग में पदस्थ प्रभारी कार्यपालन यंत्री सहित कई अन्य अधिकारियों ने सुनियोजित साजिश रचकर ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचाया, जिससे विभाग को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है।

ईओडब्ल्यू में शिकायत करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता बीके माला ने विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों के बीच मिलीभगत से बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होने का दावा किया है। शिकायत के अनुसार, कार्यपालन यंत्री विनय श्रीवास्तव और अन्य अधिकारियों ने टेंडरों की राशि में अनियमित रूप से 231 प्रतिशत तक की वृद्धि की है। यह भी आरोप है कि कई ऐसे संविदाकार हैं जिन्हें बार-बार टेंडर देकर करोड़ों का लाभ पहुंचाया गया है, जिसके दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध होने का दावा किया गया है। सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त दस्तावेजों में यह भी कुछ जगह उल्लेख किया गया है कि विधायक के निर्देश पर ऐसा किया गया है। जांच में यह पूरी तरह से स्पष्ट होना चाहिए और यदि कोई जनप्रतिनिधि जिमेदार है, तो उस पर भी प्रकरण दर्ज करने की मांग उठाई गई है। इसमें कई अफसर और ठेकेदारों को आरोपी बनाया गया है।

**ईओडब्ल्यू में हुई शिकायत**

## स्कूली छात्रों को क्षमता से अधिक बिठाने पर एक वाहन जप्त, पांच हजार जुर्माना वसूला

**सागर। दोपहर मेट्रो**

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मनोज कुमार तेहनगुरिया ने बस, वैन एवं अवैध संचालित वाहनों की चैकिंग की। शहरी क्षेत्र में गैस किट से संचालित वाहन एवं अन्य वाहनों की चैकिंग की। चैकिंग के दौरान 12 स्कूली वाहनों को चैक किया गया, जिनमें से एक मारूति वेन गैसकिट से संचालित पायी गई जिसे जप्त किया गया। दो मैजिक वाहन जो प्रायवेट श्रेणी में पंजीकृत होकर नियम विरूद्ध तरीके से स्कूल वाहन के रूप में संचालित पाये गये, जिनमें क्षमता से अधिक स्कूली बच्चे सवार थे।

दोनों वाहनों से मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत चालानी कार्यवाही करते हुए 5000 का जुर्माना वसूल किया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने स्कूल बस संचालकों को हिदायत दी है कि वह स्कूल बसों का संचालन उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत् समस्त बिन्दुओं का पालन करें, तथा वाहन में स्पीड गर्वनर, वाहन की कंडीशन, बीमा, फिटनेस, प्रदूषण प्रमाण पत्र, मोटरयानकर भुगतान प्रमाण, फस्टेड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, चालक का हैवी लायसेंस हो एवं निर्धारित गणवेश में वाहन का संचालन करें। स्कूली वाहन में बैठक क्षमता अनुसार ही छात्र छात्राओं को बैठाएं।



## चंदन चोरी करने घुसे दो आरोपियों को दबोचा



**सागर।** सैन्य प्रशिक्षण क्षेत्र में फेंसिंग तोड़कर चंदन चोरी करने घुसे दो आरोपियों को सेना के जवानों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। वहीं 4-5 अन्य आरोपी भाग गए। बताया गया कि पिछले कुछ दिनों में प्रशिक्षण क्षेत्र से 20-25 चंदन के पेड़ काटे गए हैं, सेना के जवानों के क्वार्टर से सामान भी चोरी हुआ है। वहीं 25-26 जुलाई की रात सेना के जवानों ने चंदन की लकड़ी काटते हुए 2 चोरों को दबोच लिया। जवानों पर चोरों ने पत्थरों से हमला कर दिया था।

## जल्द गति पकड़ेगा भोपाल-रामगंज मंडी तक नई रेल लाइन का प्रोजेक्ट, रेल सुरक्षा आयुक्त का निरीक्षण

**भोपाल। दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच बिछाई जा रही 276 किलोमीटर लंबी भोपाल-रामगंज मंडी का निरीक्षण रेल सुरक्षा आयुक्त ने आज निरीक्षण किया। इस दौरान सीआरएस मध्य क्षेत्र, मुंबई मनोज अरोड़ा ने ट्रैक की सीधी-रेखीयता, स्थिरता और मानकों की जांच की। इस परियोजना को दिसंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

276 किलोमीटर लंबी रेललाइन को भोपाल से रामगंज मंडी तक बिछाया जा रहा है। रेल मंडल के भोपाल पीआरओ के अनुसार, रेल खंड का भोपाल से ब्यावरा तक का 111 किमी हिस्सा भोपाल मंडल और शेष कोटा मंडल के तहत आता है। सीआरएस निरीक्षण के बाद नए निर्मित रेललाइन पर उक्त 11 किमी के हिस्से में ट्रेनों के संचालन के लिए सुरक्षित घोषित कर हरी झंडी दी जाएगी।




दरअसल, इस परियोजना में 26 स्टेशन प्रस्तावित हैं। भोपाल मंडल में 111 किलोमीटर लंबी रेललाइन और 12 स्टेशनों के निर्माण के लिए 1,255 करोड़ का बजट आवंटित किए जाएंगे। भोपाल-रामगंज मंडी परियोजना को दिसंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

हालांकि, 20 जून 2025 को पश्चिम मध्य रेल जबलपुर की जीएम शोभना बंदोपाध्याय ब्यावरा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंची थी। उन्होंने कहा था कि भोपाल से रामगंजमंडी तक ट्रेन का संचालन इसी वित्तीय वर्ष से शुरू हो जाए। इसका लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए भोपाल से लेकर रामगंजमंडी तक हर सेक्शन में बड़े स्तर पर काम चल रहा है।

**मेट्रो एंकर**

### परीक्षा की तैयारी के लिए बताया पाठ्यक्रम और पुराने प्रश्नपत्रों का महत्व

# कलेक्टर का वादा... सिविल सर्विस की तैयारी में करेंगे मदद

**सागर। दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर ने छात्र छात्राओं से पूछा आगे क्या बनोगे... विद्यार्थियों की ओर से जवाब आया... आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर। दरअसल कलेक्टर संदीप जीआर ग्राम भापेल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए टिप्स दिए तथा पाठ्यक्रम और पुराने प्रश्नपत्रों के महत्व को बताया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल भी साथ रहे।कलेक्टर ने विद्यालय पहुंचकर कक्षा 11वीं 12वीं की अंग्रेजी, विज्ञान एवं हिन्दी की कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से उनके अध्ययन के संबंध में एवं कक्षा में पढाए जा रहे विषय के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चर्चा के दौरान बच्चों से पूछा कि आगे क्या बनोगे जबाव आया डॉक्टर, इंजीनियर, आईपीएस, आईएएस अफसर। कुछ बच्चों ने स्टार्टअप करने एवं स्पोर्ट में भी जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए परीक्षा का पाठ्यक्रम और पुराने वर्षों के प्रश्नपत्र महत्वपूर्ण होते हैं। साथ में उन्होंने कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के बारे में भी बताया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से यूपीएससी का सिलेबस एवं प्रश्नपत्र भेजने का भी वादा किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर हिन्दी की कक्षा में पहुंचे जहां उन्होंने बच्चों को अंग्रेजी सीखने के लिए मोटीवेट किया एवं बताया कि पढाई के लिए हिन्दी के साथ साथ अंग्रेजी भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने बच्चों से कहा कि रोज थोड़ा थोड़ा अंग्रेजी सीखने एवं बोलने का प्रयास करना है। इस दौरान उन्होंने बच्चों को मोबाइल एवं इंटरनेट तकनीक का बेहतर उपयोग करने की भी सलाह दी। उन्होंने स्कूल में कम्प्यूटर सिस्टम एवं शिक्षक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य को निर्देशित किया कि विद्यालय के स्थापना दिवस पर विद्यालय के सफल हुए पूर्व छात्रों का सम्मेलन कराएं।



## दो टन मछली जब्त, एक लाख रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त



**खरगोन।** वर्षाकाल के दौरान मछलियों के प्रजनन को सुरक्षित रखने के लिए मध्यप्रदेश नवीन मत्स्योद्योग नियम 1972 के तहत कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल द्वारा 15 अगस्त 2025 तक खरगोन जिले की सभी नदियों व जलाशयों में मछली मारने, क्रय-विक्रय और परिवहन पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया गया है। इसी प्रतिबंध के दौरान 28 जुलाई को मत्स्य विभाग की टीम ने नर्मदा नदी, महेश्वर के पेशवा घाट, गांधीनगर क्षेत्र में अवैध मत्स्याखेट की शिकायत पर छापेमारी कर लगभग 02 मेट्रिक टन अवैध मछली जब्त की। इस दौरान मत्स्योद्योग अधिनिमय के तहत जब्त की गई। मछलियों की नीलामी कर 01 लाख 34 हजार 200 रुपये का राजस्व प्राप्त कर नियमानुसार शासन के खाते में जमा किया गया है। मत्स्य विभाग के अमले द्वारा इस सीजन में अवैधानिक मत्स्योखेट पर अब तक की सबसे बडी कार्यवाही की गई है। यह कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनिल जैन के निर्देश में मत्स्य विभाग के सहायक संचालक रमेश मौर्य के नेतृत्व में गोपाल पाटीदार, नयन माहिले तथा जतनसिंह रावत मत्स्य निरीक्षक एवं पुलिस विभाग के प्रधान आरक्षक 677 सतीश सोलंकी, आरक्षक 1070 अमर मानवे व आरक्षक 76 कमल मुवेल द्वारा की गई।

## बाढ़ आने की स्थिति में पुल पार न करें और सुरक्षित रहें: कलेक्टर

**सागर।** अतिवृष्टि एवं जल भराव वाले क्षेत्रों का कलेक्टर संदीप जीआर ने पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल के साथ निरीक्षण कर निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के विवेक केवी, एसडीएम अशोक सेन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने राहतगढ़ बीना को जोडने वाली बीना नदी पर बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने जनसामान्य के अपील की कि जब तक आवश्यकता न हो जल भराव वाले स्थानों पर जाने एवं वहां रुकने से बचें। कलेक्टर ग्राम झिला पहुंचे जहां उन्होंने जर्जर मकान को देखा तो अपनी गाड़ी रोकी और मकान मालिक को सझाइश दी कि उक्त मकान को तत्काल गिरा लें अथवा मरम्मत करा लें अन्यथा कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से अपील भी की कि बाढ़ आने की स्थिति में पुल पार न करें और सुरक्षित रहें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल भराव होने पर वहां से जन सामान्य को स्कूल, सामुदायिक भवन जैसे सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करें एवं ऐंसे सुरक्षित स्थानों पर खाने-पीने एवं बिजली की व्यवस्था की जावे। उन्होंने चिन्हित जल भराव वाले स्थानों के आसपास सुरिक्षत एवं ऊंचे स्थानों पर अस्थायी आश्रय स्थल बनाने एवं वहां पर सभी मूलभूत व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के समस्त एसडीएम से फोन पर चर्चा की एवं निर्देश दिए कि सभी अधिकारी फील्ड पर रहें और जल भराव की स्थिति निर्मिम होने के पूर्व ही आवश्यक प्रबंध किए जाएं।

## घटिया निर्माण को लेकर रायसेन जिला विकास समिति ने किया अनोखा प्रदर्शन



**रायसेन।** नगर में हुए सड़क चौड़ीकरण के घटिया निर्माण को लेकर रायसेन जिला विकास समिति के पदाधिकारी ने एक अनोखा प्रदर्शन किया। नगर के हनुमान मंदिर पाटन देव के सामने गड्ढे वाली सड़क पर सांकेतिक धान रोपाई की गई। रायसेन जिला विकास समिति का का कहना है कि रायसेन नगर में सड़क चौड़ीकरण का घटिया निर्माण हुआ है। समिति ने मांग की है कि इस सड़क चोरी के ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट की जाए। पैसों की वसूली की जाए। गोपालपुर से लेकर खारगावली तक एवं रायसेन तिराहे से लेकर दरगाह शरीफ सड़क चौड़ीकरण का निर्माण किया गया है। यह दोनों सड़कों की लागत लगभग 52 करोड़ की बताई जा रही है। इस अवसर पर जिला विकास समिति के अध्यक्ष हरीश मिश्रा, प्रवक्ता- अमित ठाकुर, पीके चावला, तिलक शाक्या, नीलेंद्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल रहे।

## स्पा सेंटर में सेक्स रैकेट पकड़ाया, पुलिस ने एक महिला व युवक को किया गिरफ्तार

**जबलपुर।** जिले से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। शहर में मदन महल थाना क्षेत्र के ब्लूम चौक के द क्वीन यूनिसेक्स स्पा सेंटर में देह व्यापारका खुलासा हुआ है। पुलिस की छापेमार कार्रवाई के दौरान स्पा के केबिन में एक महिला और युवक आपत्तिजनक हालत में मिले। तीन युवतियां भी स्पा सेन्टर में थीं। पुलिस ने स्पा सेन्टर संचालक समेत युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों पर अनैतिक देह व्यापार अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## अद्भुत ज्योर्तिलिंग ओंकारममलेश्वर जहां नर्मदा निरंतर शिवजी का अभिषेक करती हैं



**इटारसी।** शहर में इस समय सावन मास पर निंरतर धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। उसी कड़ी में परपंरानुसार भगवान शिव का लिंगाभिषेक श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में मुख्य आचार्य पं. विनोद दुबे, पं. सत्येन्द्र पांडेय, पं. पीयूष पांडेय द्वारा विधि विधान से किया जा रहा है। मुख्य आचार्य पं. विनोद दुबे ने प्रदेश के पूर्व निमाड़ में स्थित ओंकारममलेश्वर ज्योर्तिलिंग की कथा को विस्तार पूर्वक बताया और भगवान शिव का पूजन अभिषेक यजमान देवेन्द्र गीता पटेल से संपन्न कराया। पं. विनोद दुबे ने कहा कि रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी ने बालकांड में लिखा है कि शिवप्रिय में कल सेल सुता सी सकल सिद्धि सुख संपत्ति रासी। रामचरित मानस की रामकथा शिवजी को नर्मदा के समान प्यारी है। यह सब सिद्धियों की तथा सुख की राशि है। पं. विनोद दुबे ने कहा कि प्रदेश के मांधाता क्षेत्र में बड़वाह से 13 किलोमीटर दूर ओंकारेश्वर तीर्थ क्षेत्र है जहां की पहाड़ियों का आकार ऊँ जैसा है। कई तीर्थ यात्री इस ओंकार पर्वत की भी यात्रा करते है। इस स्थान के बारे में कहा जाता है कि जब दानवों ने देवताओं को निंरतर परेशान करना शुरू किया तो शिवजी यहां पाताल से आकार शिवलिंग रूप में प्रकट हुए। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर ब्रम्हा और विष्णु का वास भी है। उन्होंने यहॉ निवास किया है। विष्णुपुरी और रूद्रपुरी का त्रिपुरी क्षेत्र यहीं पर है।



# मकाऊ ओपन : दूसरे दौर में सात्विक-चिराग, मुख्य ड्रॉ में अनमोल- तस्नीम मीर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

स्टार भारतीय शटलर सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मंगलवार को मकाऊ में पुरुष युगल के पहले दौर में मलेशिया के लो हैंग यी और एनजी इंग चियोंग पर सीधे गेम में जीत के साथ मकाऊ ओपन सुपर 300 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में फिर से शामिल हुए एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेताओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशियाई जोड़ी को मात्र 36 मिनट में 21-13, 21-15 से हरा दिया। भारतीय जोड़ी ने दमदार शुरुआत करते हुए 6-1 की बढ़त बना ली। मलेशियाई जोड़ी 10-9 के स्कोर पर एक अंक के अंतर पर आ गई, लेकिन सात्विक और चिराग ने बढ़त बनाते हुए पहला गेम आसानी से जीत लिया। दूसरा गेम ज्यादा प्रतिस्पर्धी रहा, जिसमें मलेशियाई जोड़ी 13-14 तक एक-दूसरे के करीब रही। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने मैच अपने नाम कर लिया।

### तसनीम ने ड्रा में जगह बनाई

महिला एकल में, उभरती हुई खिलाड़ी अनमोल खरब और तसनीम मीर ने अपने क्वालीफिकेशन मैचों में शानदार जीत के बाद मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। अनमोल ने अजरबैजान की कीशा फातिमा अज्जाहरा को 21-11, 21-13 से हराया, जबकि तस्नीम ने थाईलैंड की टिडाप्रोन क्लीबयेसुन को तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-14, 13-21, 21-17 से हराया। तस्नीम का सामना अब शीर्ष वरीयता प्राप्त और ओलंपिक चैंपियन चीन की चेन यू फेई से होगा, जबकि अनमोल का सामना थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त बुसानन ओंगबामरुंगफान से होगा।

## ओवल टेस्ट कल से, टीम इंडिया को बड़ा झटका

# आखिरी मुकाबले से जसप्रीत बुमराह बाहर, आकाश को मिल सकता है मौका

**लंदन, एजेंसी**

टीम इंडिया के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां और आखिरी टेस्ट नहीं खेलेंगे, जो गुरुवार से ओवल में शुरू हो रहा है। क्रिकइंफो की रिपोर्ट में इस बात का दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की मेडिकल टीम ने बुमराह को बताया है कि यह फैसला उनकी पीठ की सुरक्षा और लंबे समय के करियर को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। वैसे यह फैसला चौंकाने वाला नहीं है, क्योंकि पहले से ही तय था कि बुमराह इंग्लैंड दौरे पर सिर्फ पांच में से तीन टेस्ट ही खेलेंगे। बुमराह ने पहला टेस्ट हेडिंग्ले लीड्स में खेला था, दूसरा टेस्ट एजबेस्टन बर्मिंघम में नहीं खेले थे जो भारत ने जीत लिया था, फिर उन्होंने लॉर्ड्स और ओल्ड ट्रैफर्ड में हुए अगले दो टेस्ट मैच खेले। बुमराह ने ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे दिन की सुबह से गेंदबाजी नहीं की है, और अंतिम दो टेस्ट मैचों के बीच तीन दिन का ब्रेक है, इसलिए भारतीय टीम के मैनेजमेंट ने पहले से तय प्लानिंग में बदलाव नहीं करने पर विचार किया है।

दूसरी ओर सितांशु कोटक ने 30 जुलाई को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुमराह के खेलने पर जवाब द?िया। कोटक ने कहा- जसप्रीत बुमराह के खेलने पर कोई चर्चा नहीं हुई। बुमराह अब फिट हैं। उनके वर्कलोड के अनुसार, उन्होंने पिछले मैच में एक पारी में गेंदबाजी की है, इसलिए, जाहिर है कि हेड कोच, हमारे फिजियो और कप्तान चर्चा करेंगे और फैसला करेंगे। चौथे टेस्ट में धीमी और सपाट पिच के साथ-साथ ज्यादा ओवर फेंकने की थकान का असर बुमराह की रफ्तार पर पड़ा। उन्होंने 33 ओवर में 2 विकेट लिए, जो किसी एक पारी में उनका सबसे ज्यादा ओवर फेंकना था।



### बुमराह की स्पीड भारत-इंग्लैंड सीरीज में कैसी रही?

सीरीज के दौरान बुमराह की तेज गेंदों 140 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की संख्या भी लगातार घटती गई। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट में 42।7त्न गेंदें इतनी तेज थीं, लॉर्ड्स में यह घटकर 22।3त्न हुईं और ओल्ड ट्रैफर्ड में सिर्फ 0।5त्न ही रही। बुमराह इस सीरीज में 14 विकेट के साथ मोहम्मद सिराज के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ होने के बाद टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर ने कहा था कि बुमराह आखिरी टेस्ट के लिए उपलब्ध हैं, लेकिन दो दिन बाद टीम इंडिया ने उन्हें आराम देने का फैसला किया है।

### बुमराह की जगह कौन खेलेगा ओवल टेस्ट?

जसप्रीत बुमराह की जगह पांचवें टेस्ट में आकाश दीप खेल सकते हैं। मंगलवार को टीम इंडिया के ऑप्शनल प्रैक्टिस सेशन में इसका इशारा मिला। आकाश दीप चौथा टेस्ट ग्रोइन की चोट के कारण नहीं खेल पाए थे, नेट्स में अच्छी लय में नजर आए और हरी पिच पर गेंद को अच्छी स्विंग करवा रहे थे। आकाश ने एजबेस्टन में खेले दूसरे टेस्ट जो मेलबर्न के बाद उनका पहला टेस्ट था में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने मैच में 10 विकेट लिए थे, जिसमें इंग्लैंड की दूसरी पारी में 6 विकेट भी शामिल थे, जो उनका करि?यर बेस्ट प्रदर्शन रहा।

### क्या ध्रुव जुरेल को मिलेगा मौका, कुलदीप का क्या होगा?

ऋषभ पंत ओवल टेस्ट से बाहर हो चुके हैं, इसलिए विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी ध्रुव जुरेल संभालेंगे और वो मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करेंगे। पर इंग्लैंड में उनके खेलने का अनुभव नहीं है, ऐसे में टीम इंडिया को शार्दुल ठाकुर को टीम में बनाए रख सकता है, ताकि बल्लेबाजी में गहराई बनी रहे।

इसका मतलब ये हो सकता है कि कुलदीप यादव को फिर से प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिलेगी। पिच और मौसम को देखते हुए टीम इंडिया को लग सकता है कि कुलदीप की जरूरत नहीं है। टेस्ट से दो दिन पहले पिच पर काफी घास नजर आ रही थी और बादलों की भूमिका भी अहम रह सकती है। ऐसे में भारत रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर की स्पिन जोड़ी के साथ ही जा सकता है।

### तेज गेंदबाजों का कैसा रहा ओवल में प्रदर्शन

इस सीजन ओवल में हुए डोमेस्टिक मैचों में तेज गेंदबाज़ों ने ज्यादातर विकेट चटकाए हैं। कुल 150 में से 131 विकेट फास्ट बॉलर्स ने लिए। सरे ने यहां पांच मैचों में दो जीते हैं और तीन ड्रॉ रहे हैं। पिछले मैच में डेविड सिबली के ट्रिपल सेंचुरी की बदौलत सरे ने 820/9 का स्कोर बनाया था, लेकिन वह मैच कूकाबुरा गेंद से खेला गया था, जो इंग्लैंड में नई पहल के तहत इस्तेमाल की जा रही है ताकि गेंदबाज़ों की स्किल्स को बेहतर किया जा सके।

## टीम इंडिया के नेट प्रैक्टिस को लेकर हुई नोंकझोंक

# द ओवल टेस्ट से पहले गौतम गंभीर और पिच क्यूरेटर के बीच तीखी बहस

**लंदन, एजेंसी**

भारत-इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां और आखिरी टेस्ट 31 जुलाई से द ओवल में शुरू हो रहा है। यह टेस्ट दोनों टीमों के लिए बेहद अहम है। भारतीय टीम जीत के साथ सीरीज को ड्रॉ कराने उतरेगी। वहीं, इंग्लैंड जीत या ड्रॉ के साथ सीरीज अपने नाम करने उतरेगी। इसी वजह से दोनों टीमों के खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ में जोश देखने को मिल रहा है। भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर फिर से चर्चा में हैं। भारतीय टीम द ओवल टेस्ट की तैयारी के लिए को नेट्स में अभ्यास कर रही थी। इस दौरान गौतम गंभीर भी मौजूद थे। गंभीर की ओवल पिच क्यूरेटर ली फोर्टिस के साथ बहस हो गई। गंभीर और ली फोर्टिस के बीच बहस जल्द ही बढ़ गई, जिसके बाद भारत के बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक ने हस्तक्षेप किया। कोटक ने फोर्टिस को दूर किया, लेकिन गंभीर दूर होने के बाद भी



बोलते रहे। नेट्स पर हुए विवाद के बावजूद, गंभीर आगे के काम पर केंद्रित रहे। विवाद का सटीक कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट से ही तनाव का माहौल है। तीसरे टेस्ट में शुभमन गिल ने इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों जैक क्रॉली और बेन डकेट के दूसरी पारी में लगभग 90 सेकंड देरी से पहुंचने पर अपनी नाराजगी जाहिर की थी।

## बुकार्ड ने पिछली बार 2023 में खेला था टूर-लेवल मेन ड्रॉ मैच

# कैनेडियन ओपन : बुकार्ड, रादुकानू और ओसाका दूसरे दौर में पहुंचे

**मॉन्ट्रियल।** युजिनी बुकार्ड ने कैनेडियन ओपन में एमिलियाना अरांगो को तीन सेटों में 6-4, 2-6, 6-2 से शिकस्त दी। 2014 विंबलडन फाइनलिस्ट युजिनी इस महीने की शुरुआत में घोषणा कर चुकी थीं कि यह उनके करियर का अंतिम टूर्नामेंट होगा। पूर्व वर्ल्ड नंबर 5 बुकार्ड, इस टूर्नामेंट में बतौर वाइल्ड कार्ड खेल रही हैं। फिलहाल डब्ल्यूटीए में उनकी कोई रैंकिंग नहीं है। बुकार्ड ने पिछली बार 2023 में टूर-लेवल मेन ड्रॉ मैच खेला था। अब अगले दौर में उनका सामना 17वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेंचिच से होगा।



दूसरे राउंड में मिली जीत यूजिनी बुकार्ड के करियर की 300वीं मैच जीत थी। बुकार्ड को उम्मीद है कि यह उनकी आखिरी जीत नहीं होगी। डब्ल्यूटीए आंकड़ों के मुताबिक, वह अब तक बेलिंडा बेंचिच के खिलाफ तीन में से एक भी मुकाबला अपने नाम नहीं कर पाई हैं। बुकार्ड ने जीत के बाद कहा, ÷मुझे इस बात पर गर्व है कि मैंने किस तरह प्रतिस्पर्धा की। मैंने पूरे मैच के दौरान फोकस और संघर्ष किया। यह एक शारीरिक और मानसिक लड़ाई थी। मॉन्ट्रियल में सबके सामने खेलना वाकई अद्भुत था। इस बीच, एम्मा रादुकानू और नाओमी ओसाका ने पहले राउंड में सीधे सेटों में जीत दर्ज की।

## मनोरंजन

## बॉलीवुड का कोना



# मेड इन इंडिया : ए टाइटन स्टोरी से नसीरुद्दीन शाह का पहला लुक जारी

भारतीय उद्योगपति और दूरदर्शी नेता जेआरडी टाटा की 121वीं जयंती के अवसर पर, वेब सीरीज मेड इन इंडिया- ए टाइटन स्टोरी के निर्माताओं ने पहला पोस्टर जारी किया। इस पोस्टर में मशहूर अभिनेता नसीरुद्दीन शाह को भारत रत्न जेआरडी टाटा के रूप में दिखाया गया है। अमेजन एमएक्स प्लेयर ने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में अनुभवी अभिनेता नसीरुद्दीन शाह को जेआरडी टाटा की तरह कपड़े पहने और उसी अंदाज में दिखाया गया है।

मेड इन इंडिया- ए टाइटन स्टोरी वेब सीरीज एक प्रेरणादायक कहानी है, जो बताएगी कि कैसे एक बड़ा सपना देखा गया, किस तरह एक बड़ी कंपनी खड़ी की गई, और देश के विकास में योगदान दिया गया। यह कहानी मेहनत, सोच और देश के लिए कुछ बड़ा करने की भावना को दिखाती है। नसीरुद्दीन शाह के अलावा इस सीरीज में एक्टर जिम सर्भ भी नजर आएंगे, जो टाइटन वॉच कंपनी के संस्थापक जेरक्सेस देसाई का किरदार निभाएंगे। इस सीरीज में नमिता दुबे, वैभव तत्ववादी, कावेरी सेठ, लक्षवीर सरन और परेश गणात्रा जैसे कई अन्य बेहतरीन कलाकार भी अहम किरदार में हैं। अमेजन एमएक्स प्लेयर के कंटेंट प्रमुख अमोघ दुसाध ने कहा, यह कहानी सिर्फ टाइटन ब्रांड की नहीं है, बल्कि उससे कहीं ज्यादा है। नसीरुद्दीन शाह को जेआरडी टाटा का रोल निभाते देखना हमारे लिए बहुत खास और उत्साहजनक है।

# वसुधा का हिस्सा बनीं परिणीता बोरठाकुर, बोलीं- मजबूत महिला किरदार निभाना पसंद

मुंबई। अभिनेत्री परिणीता बोरठाकुर जल्द ही जी टीवी के लोकप्रिय शो वसुधा में खास किरदार में नजर आएंगी। नई और प्रभावशाली भूमिका निभाने के लिए तैयार अभिनेत्री ने बताया कि शो में उनके किरदार का नाम चंद्रिका सिंह चौहान है, जो एक परिवार मुखिया का सशक्त और दमदार किरदार है। परिणीता ने बताया कि किसी चल रहे शो में बीच में किसी किरदार को निभाना अपने आप में कई चुनौतियां लेकर आता है, लेकिन वह इसे एक बड़े अवसर के रूप में देखती हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उन्हें मजबूत महिला किरदारों वाली कहानियां पसंद हैं।

परिणीता ने अपने किरदार के बारे में बताया, वासुधा जैसे शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत रोमांचक है। यह शो पहले से ही दर्शकों के बीच लोकप्रिय है और हाल ही में टीवी इंडस्ट्री के टॉप 10 शोज में शामिल हुआ है। बीच में किसी किरदार को अपनाना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन मैं इसे एक अवसर के रूप में देखती हूं, जिसके जरिए मैं एक ऐसी कहानी का हिस्सा बन सकती हूं, जो पहले से ही लाखों लोगों के दिलों को छू चुकी है।



उन्होंने आगे कहा, मुझे हमेशा से गहरी भावनाओं और मजबूत महिला किरदारों वाली कहानियां पसंद रही हैं। चंद्रिका के किरदार के बारे में जानते ही मुझे उससे तुरंत जुड़ाव महसूस हुआ। वह एक ऐसी महिला है जो शांत, दमदार और दृढ़ विश्वास के साथ परिवार का नेतृत्व करती है। मैं इस किरदार में अपनी शैली लाने की कोशिश करूंगी, साथ ही उस मूल भावना को बनाए रखूंगी, जिसे दर्शकों ने पसंद किया है।

### किरदार को निभाना करियर का सबसे अच्छा अनुभव

वसुधा की कहानी में करिश्मा और मेघा की साजिशों के बीच चंद्रिका एक स्थिर और मजबूत किरदार के रूप में उभरती है, जो अनुशासन और गरिमा के साथ परिवार को संभालती है। परिणीता ने कहा, चंद्रिका का किरदार भावनात्मक मुश्किलों और सिद्धांतों से भरा है। इसे निभाना मेरे करियर का सबसे रचनात्मक अनुभव रहा है। मैं उम्मीद करती हूं कि दर्शक मेरे इस किरदार को अपनाएंगे। पहले इस किरदार को नौशीन अली सरदार ने निभाया था। निर्माता अरविंद बब्बल ने बताया, नौशीन ने चंद्रिका के किरदार को बहुत खूबसूरती और गरिमा के साथ निभाया। हम उनके योगदान के लिए आभारी हैं। अब परिणीता बोरठाकुर का स्वागत करते हुए हमें खुशी है। वह एक संवेदनशील और प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं, जिन्होंने चंद्रिका के व्यक्तित्व को गहराई से समझा है।



## मेट्रो बाजार

# लेंसकार्ट आईपीओ: प्रमोटर सुमीत कपाही की डिग्री और मार्कशीट गायब

**मुंबई।** दिग्गज आईवियर रिटेलर कंपनी लेंसकार्ट ने इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग आईपीओ के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड सेबी के पास जमा किए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस में एक डिस्क्लोजर खुलासा किया है कि कंपनी के प्रमोटर्स में से एक सुमित कपाही की डिग्री और मार्कशीट गायब है। मौजूदा समय में कपाही लेंसकार्ट में सोर्सिंग के ग्लोबल हेड हैं।

डीआरएचपी दस्तावेज के अनुसार, उन्हें दिल्ली विश्वविद्यालय से मिली अपनी बी.कॉम ऑनर्स की डिग्री और मार्कशीट नहीं मिल रही है।

डीआरएचपी में कहा गया है कि कपाही ने विश्वविद्यालय को कई ईमेल और पत्र लिखकर अपनी डिग्री प्रमाणपत्र की प्रतियों का अनुरोध किया है और विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से मार्कशीट के लिए आवेदन भी किया है। हालांकि, उन्हें अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। डीआरएचपी में कहा गया है कि इस बात की कोई निश्चितता नहीं है कि विश्वविद्यालय उनके अनुरोधों का समय पर जवाब देगा या नहीं। लेंसकार्ट ने आगे कहा कि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि कपाही भविष्य में अपनी शैक्षणिक योग्यता से संबंधित जरूरी दस्तावेज प्राप्त कर पाएंगे। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, सुमीत कपाही ने पीयूष बंसल, अमित चौधरी, नेहा बंसल और रमणीक खुराना के साथ मिलकर लेंसकार्ट की सह-स्थापना की।

# ब्लैक मनी : सरकार ने 10 वर्षों में 35,104 करोड़ की कर मांग और जुर्माना लगाया

नई दिल्ली। केंद्र ने 1 जुलाई, 2015 से 31 मार्च, 2025 के दौरान काला धन और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के तहत किए गए आकलन के परिणामस्वरूप 21,719 करोड़ रुपए की कर मांग उठाई है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया कि काला धन और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 की विभिन्न धाराओं के तहत लगाए गए जुर्माने के कारण 13,385 करोड़ रुपए की मांग 31 मार्च, 2025 तक की गई है।



उन्होंने कहा, 1 जून 2015 से 31 मार्च 2025 तक, काला धन (अप्रकटित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के अंतर्गत कर, जुर्माना और ब्याज की मांग के विरुद्ध 338 करोड़ रुपए की वसूली की गई है। हालांकि, क्योंकि संग्रह विशिष्ट देशों या विदेशी होल्डिंग्स के प्रकारों से संबंधित नहीं हैं, इसलिए स्विस जमा या विदेशी खातों से संबंधित वसूली के लिए अलग से आंकड़े नहीं रखे जाते हैं। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि 31 मार्च, 2025 तक, काला धन (अप्रकटित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 163 अभियोजन शिकायतें दर्ज की गई हैं। इस प्रकार की जांच क्षेत्राधिकार प्राधिकारियों द्वारा मामला-दर-मामला आधार पर की जाती है। राज्य मंत्री के अनुसार, अघोषित विदेशी आय या संपत्ति के मामलों में उत्पन्न कर की मांग कई क्षेत्राधिकारों से संबंधित हो सकती है और ऐसी मांग का देश-वार विभाजन केंद्रीय रूप से नहीं रखा जाता है।

## बैंक में काम करते समय महिला एजीएम की तबीयत बिगड़ी, मौत

**भोपाल।** एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) में महिला एजीएम की



संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अचानक तबीयत बिगड़ने पर बैंक स्टाफ उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचा?था, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कामय शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि उनकी मौत हार्ट?अटैक से हुई है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

पुलिस के अनुसार चार इमली, आरबीआई कॉलोनी हबीबगंज निवासी 52 साल की आभा गुप्ता पति आरबीआई में एजीएम है। उनकी ड्यूटी जोन-वन आरबीआई शाखा में है। मंगलवा सुबह वह ड्यूटी पर गई?थी। दोपहर तक उन्होंने काम किया और उनकी तबीयत एकदम ठीक थी। शाम करीब पौने चार बजे के आसपास उनकी तबीयत बिगड़ी। चक्कर आने के बाद वह बेसुध होकर सीट से गिर गई। उन्हें स्टाफ के लोग कार से अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## एसजीएसआईटीएस के 5 स्नातक पाठ्यक्रमों को एनबीए से मान्यता



**भोपाल।** प्रदेश के इंदौर स्थित श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (एसजीएसआईटीएस) के पांच स्नातक पाठ्यक्रमों को एक साथ राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड द्वारा वर्ष 2028 तक मान्यता दी गई है। इस उपलब्धि पर उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने तकनीकी शिक्षा विभाग एवं संस्थान परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। मंत्री परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में सतत् नवीन आयाम स्थापित कर रही है। राज्य सरकार, विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगार मूलक तकनीकी शिक्षा प्रदान करने की दिशा में प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मंत्री परमार ने कहा कि एसजीएसआईटीएस संस्थान, तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आदर्श संस्थान के रूप में अभिप्रेरणा का केंद्र बन रहा है। यह मान्यता छात्रों, शिक्षकों और संस्थान के लिए गौरव का क्षण है। यह उपलब्धि न केवल हमारे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करती है, बल्कि संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली की भी पुष्टि करती है। यह मान्यता शैक्षणिक सत्र 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के साथ-साथ 2025-26, 2026-27 और 2027-28 तक के लिए 30 जून 2028 तक प्रभावी रहेगी।

## माशिमं की 10वीं की द्रितीय परीक्षा में 42.67 हुए पास

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल (माशिमं) द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं बोर्ड की द्वितीय परीक्षा के परिणाम को जारी कर दिए गए हैं। माशिमं के सचिव के डी त्रिपाठी ने बताया कि, विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षक यह परिणाम माशिमं की वेबसाइट पर देख सकते हैं। कक्षा 10वीं की इस द्वितीय परीक्षा में प्रदेश के निजी और सरकारी स्कूलों के 1 लाख 19 हज़ार से अधिक नियमित विद्यार्थी तथा 36 हजार 427 स्वाध्यायी विद्यार्थी शामिल हुए थे। घोषित परिणामों के अनुसार पुनः परीक्षा में कक्षा 10वीं के नियमित विद्यार्थियों में से कुल 50 हजार 789 (42.67 प्रतिशत) विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिसमें से 6454 प्रथम श्रेणी में, 43 हजार 49 द्वितीय श्रेणी में और 1 हजार 286 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं स्वाध्यायी विद्यार्थियों में से कुल 11 हजार 714 (32.18 प्रतिशत) विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिसमें से 73 प्रथम श्रेणी में, 3 हजार 735 द्वितीय श्रेणी में और 7 हजार 906 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं 68 हजार 250 नियमित और 24 हजार 685 स्वाध्यायी विद्यार्थी फेल हुए हैं।

### 12 लाख का माल बरामद, फरार आरोपी की तलाश

# सेंटरिंग प्लेट्स चुराने वाले गिरोह का खुलासा, 5 लोग गिरफ्तार

**कार से निर्माणाधीन मकानों और दुकानों की करते थे रैकी**

भोपाल, दोपहर मेट्रो



गांधी नगर पुलिस ने कार और लोडिंग वाहन की मदद से ठेकेदारों की सेटरिंग प्लेट्स चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर 12 लाख रुपये कीमत का माल बरामद किया गया है। गिरोह का एक साथी अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार गोंदरमऊ गांधी नगर निवासी मंजूर खान ने तीन महीने पहले बंद कमरे में रखी सवा चार सौ सेटरिंग प्लेट्स चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। चोरी गई प्लेट्स की कुल कीमत करीब साढ़े चार लाख रुपये बताई गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की एक विशेष टीम बनाकर आरोपियों की तलाश में लगाया गया था। जांच के दौरान पुलिस को इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज मिले, जिसमें संदेही लोडिंग वाहन और कार का पता चला। मुखबिरों की मदद से पुलिस ने गत दिवस एक कार में सवार पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने प्लेट्स चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर एक स्कोडा कार, एक लोडिंग वाहन और चोरी की 200 प्लेट्स समेत कुल बारह लाख का माल बरामद किया गया। बाकी प्लेट्स को आरोपियों ने एक राहगीर को बेच देना बताया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम मतीन खान, शाकिर शाह, खालिद खान, राजू खां और साहिल उर्फ बिल्लू बेलदार बताए गए हैं। सभी आरोपी परवलिया और गांधी नगर इलाके के रहने वाले बताए गए हैं। गिरोह का एक साथी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी कार से निर्माणाधीन मकानों और दुकानों की रैकी करते थे और रात के समय लोडिंग वाहन से प्लेट्स लादकर चोरी कर लेते थे।

## पैदल जा रही महिला को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर

**भोपाल।** ईंटखेड़ी इलाके में पैदल जा रही एक महिला को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सुनीता रैकवार पत्नी कैलाश रैकवार (47) हज्जामपुरा ईंटखेड़ी में रहती हैं। मंगलवार की शाम करीब सवा सात बजे वह घर से सामान लेने के लिए दुकान पर जा रही थी। इसी दौरान अचारपुरा की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने सुनीता को पीछे से टक्कर मार दी।

## वीडियो वायरल होने के बाद मारपीट करने वाले पांच गिरफ्तार



**भोपाल।** अयोध्या नगर पुलिस ने मछली पकड़ने पहुंचे तीन युवकों के साथ मारपीट करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में तीन नाबालिग बताए गए हैं। जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर दो दिन पहले एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में डेम पर मछली पकडने पहुंचे तीन युवकों के साथ करीब आधा दर्जन लड़कों द्वारा बेल्ट और डंडे से बुरी तरह से मारपीट करते हुए दिखाई दिए थे। मछली पकड़ने वाले युवकों से की थी बेल्ट से मारपीट वीडियो वायरल होने के बाद अयोध्या नगर पुलिस ने संज्ञान लेते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। मंगलवार को आरोपी अमन सूर्यवंशी, आमिर उर्फ अप्पू शेख और तीन नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया गया। डेम की चौकीदार करते हैं आरोपी पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी हथाईखेड़ा पर चौकीदारी का काम करते हैं। शनिवार को वह नाव में बैठकर चौकीदारी कर रहे थे, तभी तीन युवक डेम के किनारे मछली पकड़ते हुए दिखाई दिए। उसके बाद आरोपियों ने तीनों को घेर लिया और उनके साथ मारपीट की। इस दौरान बनाया गया वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

# खेत पर जाते समय किसान नाले के बहाव में बहा, मौत

**लगातार बारिश में उफान पर नाले, राजधानी के देहात में बारिश से पहली मौत**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

राजधानी में तीन दिन से लगातार हो रही झमाझम और रिमझिम बारिश के कारण नदी और नाले उफान पर है। बारिश से पहली मौत बैरसिया के इमलिया नरेंद्र गांव में हुई है। यहां एक किसान खेत पर जाते समय नाले के तेज उफान में बह गया। किसी तरह उसे बाहर निकाला गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। घटना मंगलवार सुबह की बताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार प्रदीप मीणा पिता धर्मनारायण मीणा (30) गांव इमलिया



नरेंद्र में रहते थे और खेती किसानी करते थे। मंगलवार सुबह वह घर से खेत जाने के लिए निकले थे। इस दौरान गांव की सड़क पर नाले पर बने पुल पर पानी आ गया। पुल पर नाले के पानी का तेज बहाव था। कुछ लोग नाला पार कर निकल गए। इधर प्रदीप नाले पर पहुंचे ही थे कि बहाव में बहने लगे। कुछ दूरी तक बहने के बाद वहां मौजूद लोगों ने उन्हें बाहर निकाला और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया था।

पुलिस ने ऐहतियात के तौर पर नाले के आसपास स्टापर लगा दिए थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार बारिश होने के कारण नाले के रपटे पर कभी पानी उतर रहा है तो कभी बढ़ रहा है। बरखेड़ा पठानी में खेत के दो महिलाएं, सुरक्षित निकाला इधर, बारिश के कारण कटारा हिल्स से गोविंदपुरा जाने के लिए बरखेड़ा पठानी जाने वाली सड़क का कुछ हिस्सा पानी में डूब गया। मजार के पास खेत का पानी सड़क से होता हुआ एक खेत से दूसरे खेत में जा रहा था। सड़क पर करीब चार फीट से ज्यादा पानी?था। कुछ लोग सड़क से गुजर रहे थे। इसी बीच दो महिलाओं ने सड़क पार करनी चाही और वह पानी में बहकर खेत तक पहुंच गई। वहां मौजूद लोगों ने महिलाओं को बाहर निकाल लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रोड पर स्टापर लगाते हुए लोगों को सड़क का इस्तेमाल करने से मना किया था।

## सहायक खनिज अधिकारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**आरआरएल तिराहा पर तड़के मिले थे घायल, अस्पताल में मौत**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित आरआरएल तिराहा पर सहायक खनिज अधिकारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वे मंगलवार तड़के तीन बजे घायल अवस्था में सड़क पर पड़े मिले थे। उन्हें एम्स ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन शव लेकर इंदौर चले गए। वहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस का कहना है कि मामला संदिग्ध लग रहा है।

पुलिस के अनुसार 50 साल के संजय सोलंकी, इंदौर के रहने वाले हैं। इन दिनों वह निखिल होम्स, मिसरोद में रह रहे?थे और खनिज विभाग में सहायक खनिज अधिकारी थे। मंगलवार तड़के तीन बजे वे आरआरएल तिराहा पर सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े मिले। उन्हें एम्स ले जाया गया, वहां सुबह करीब साढ़े आठ बजे के आसपास उनकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। इंदौर में रहने वाले उनके परिजन को घटना की जानकारी दे दी गई?थी। परिजन भी एम्स पहुंच गए थे। परिजन को शव पीएम के बाद सौंप दिया गया है। पुलिस का कहना है कि उनका दाहिना पैर और बांया पैर फैक्चर है। इसके अलावा शरीर पर चोट के निशान के है। अनुमान है कि उन्हें किसी आटो या फिर बाइक ने टक्कर मारी है। पुलिस एक्सीडेंट सहित अन्य पहलुओं पर जांच कर रही है।

## स्कूल बंद, शिक्षकों को बुला कर मूल्यांकन जारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में तीन दिन से लगातार बारिश जारी है। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को देखते हुए राजधानी भोपाल सहित कई जिलों में स्कूलों के अवकाश घोषित किया गया हैं। हालांकि शिक्षकों को स्कूलों में उपस्थित रहने के लिए कहा गया था। ऐसे में स्कूलों में शिक्षक उपस्थित रहे। भोपाल जिला शिक्षा अधिकारी एन के अहिरवार ने जिले के सभी स्कूलों के लिए आदेश जारी करते हुए कहा है कि अत्यधिक वर्षा को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की दृष्टि से जिले की कक्षा नर्सरी से कक्षा बारहवीं तक सभी सरकारी और निजी स्कूलों सहित सभी प्रकार की शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए 30 जुलाई का अवकाश घोषित किया गया है। शिक्षक यथावत स्कूलों में उपस्थित रहेंगे। परीक्षा, मूल्यांकन यथावत संचालित होगा। इसके अतिरिक्त अन्य जिलों में भी स्थानीय प्रशासन स्तर पर स्कूलों के अवकाश घोषित किए गए हैं।

# प्रभात गश्त पर निकले चार्ली जवान को बाइक ने मारी टक्कर

भोपाल, दोपहर मेट्रो

अशोका गार्डन स्थित औद्योगिक इलाके में प्रभात गश्त पर निकले एक चार्ली जवान को बाइक चालक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में जवान के हाथ में गंभीर चोट आई है। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार गुलशन यादव (34) सूरज नगर में रहते हैं और अशोका गार्डन थाने में आरक्षक हैं। वह अपने साथी



आरक्षक विश्राम सिंह के साथ चार्ली ड्यूटी पर थे। सुबह दोनों आरक्षक प्रभात गश्त करते हुए औद्योगिक क्षेत्र स्थित वैष्णवी अस्पताल के पास पहुंचे। इसी दौरान कैलाश नगर की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने उनकी चार्ली में टक्कर मार दी, जिससे गुलशन के हाथ में गंभीर चोट आई। साथी आरक्षक और अन्य लोगों ने उन्हें इलाज के लिए हबीबगंज स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया। यहां जांच के बाद पता चला कि उनके हाथ में फ्रैक्टर हो गया है। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गुलशन की रिपोर्ट पर टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**मेट्रो एंकर** पीड़ित को दिया गया एक लाख रुपये का प्रतिकर

# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

भोपाल,दोपहर मेट्रो

बागसेवनिया इलाके में चार साल पहले 12 साल की नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी गौरीशंकर उर्फ अभिषेक को तेरहवें अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) द्वारा बीस साल की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही उसे अर्थदंड से भी दंडित किया गया है। इस मामले में पीड़िता को एक लाख रुपये का प्रतिकर प्रदान किया गया है। उक्त प्रकरण में शासन की तरफ से विशेष लोक



अभियोजक लक्ष्मी कसाव एवं मनोज त्रिपाठी द्वारा पैरवी की गई है। संभागीय जनसंपर्क अधिकारी मनोज त्रिपाठी ने बताया कि 13 अप्रैल 2021 को एक महिला ने बागसेवनिया थाने में अपनी नाबालिग बच्ची के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। दो दिनों की तलाश के बाद बच्ची को पास की कालोनी से बरामद किया गया। दस्तायाबी के दौरान अभियोक्त्री ने बताया कि आरोपी गौरीशंकर उर्फ अभिषेक को जानती हूं। करीब एक सप्ताह पहले ही उससे बातचीत शुरू हुई थी। अभिषेक उसे घूमाने का कहकर बहला फुसलाकर अपने साथ मंडीदीप ले गया और शादी का वादा कर और मेरी मर्जी के बिना मेरे साथ कई बार गलत काम किया। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण कर दुष्कर्म करने और पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर विवेचना में लिया गया। सम्पूर्ण विवेचना उपरान्त प्रकरण न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्क, साक्ष्य और दस्तावेज से सहमत होते हुए आरोपी को दंडित किया


**कार्या-थाना प्रभारी थाना कोहेफिजा भोपाल**
**नगरीय पुलिस जिला-भोपाल**

क्रमांक/कोहे/भो/मर्ग/क्र-15/25 दिनांक 27/07/2025

**जाहिर सूचना**

दिनांक 09.02.2025 को सूचक-संजय तिवारी पिता कृष्णस्वरूप तिवारी उम्र-50 साल निवासी-गली नं. 06 द्वारिका नगर थाना बजरिया भोपाल ने थाना आकर सूचना दिया कि दिनांक 09/02/2025 के सुबह करीब 06.20 बजे रैन बसेरा में गार्ड की डियूटी पर था कि एक अज्ञात पुरूष उम्र-60 साल करीबन निवासी अज्ञात मृत अवस्था में रेन बसेरा में पडा मिला कि सूचना पर थाना कोहेफिजा पर मर्ग क्र. 15/25 धारा 194 बीएनएसएस का कायम कर जॉच में लिया गया



है सूचक की रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक 15/25 धारा 194 बीएनएसएस का कायम जाँच में लिया गया । कायमी की सूचना एसडीएम महोदय एवं वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई।

मृतक का हुलिया -
(1) पुरूष उम्र-लगभग 60 साल करीबन
(2) लम्बाई 05 फिट 03 इंच करीबन
(3) शरीर दुबला-पतला
(4) आकृति- चेहरा लम्बा अंडाकार, नाक लम्बी
(5) मातृभाषा तथा भाषा - ज्ञात नहीं
(6) दाडी मूछ एवं एवं बाल काले सफेद मिश्रित

थाना प्रभारी
थाना कोहेफिजा भोपाल

G-16415/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022